卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐ओ३म्卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐जय बाबा की 卐卐श्याम बाबा卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः। आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्।
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम्। वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये।

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 328 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦सोमवार ♦9 सितम्बर 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

# सरकार के खिलाफ गरजे कांग्रेसी

## बिगड़ी कानून व्यवस्था, महिला अपराध, भ्रष्टाचार सहित कई मुद्दों को लेकर जोरदार प्रदर्शन,पुलिस के साथ झड़प

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। प्रदेश में बिगड़ी कानून व्यवस्था, बढ़ते महिला अपराधों, भ्रष्टाचार सहित कई मुद्दों को लेकर जिले भर के कांग्रेसियों ने सोमवार को जोरदार प्रदर्शन करते हुए कलेक्ट्रेट कूच किया। कलेक्ट्रेट कूच के दौरान कांग्रेस नेताओं की पुलिस से तीखी झड़प और धक्का मुक्की भी हुयी। इस दौरान कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं से सरकार के खिलाफ जमकर गुबार निकाला। बड़ी संख्या में जिले भर के कांग्रेसी सोमवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे। इस दौरान सरकार के खिलाफ कांग्रेसियों ने नारेबाजी करते हुए जोरदार प्रदर्शन किया। विरोध प्रदर्शन के दौरान कलेक्ट्रेट मार्ग पर लगायी गयी बैरिकेटिंग को पार करने के दौरान कांग्रेस नेताओं की पुलिस से तीखी झड़प हुयी।







महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ज्योति रौतेला पुलिस से धक्का मुक्की करते हुए बेरिकेटिंग लांघकर भीतर घुस गयी। इसके बाद नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य समेत कई कांग्रेस नेताओं ने भी विरोध करते हुए बेरिकेटिंग पार कर लिया। विरोध प्रदर्शन के दौरान सभा को कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा, पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रीतम सिंह, विधायक तिलकराज बेहड़, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गोविंद सिंह कुंजवाल, उपनेता प्रतिपक्ष भुवन कापड़ी, विधायक आदेश चौहान सहित कई कांग्रेस नेताओं ने सम्बोधित किया। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि प्रदेश की कानून व्यवस्था पूरी तरह चौपट हो चुकी है। अपराधियों में कानून का कोई खौफ नहीं है। भ्रष्टाचार चरम पर है। भाजपा के नेता सत्ता के नशे में चूर हैं। उनके पदाधिकारी लगातार दुष्कर्म के आरोप मे फंस रहे हैं, जबकि विधायक के भाई भी सत्ता की हनक दिखाने में पीछे नहीं हैं। विरोध प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने गदरपुर की नर्स की रेप के बाद हत्या, हरिद्वार में अबोध नाबालिग के साथ दुष्कर्म,रानीखेत भाजपा विधायक के छोटे भाई और उसके वाहन चालक के पास से अवैध प्रतिबंधित गोली बारूद की बरामदगी ,दुग्ध संघ के अध्यक्ष के द्वारा महिला के साथ बलात्कार और पीड़ित महिला की नाबालिग बालिका के साथ छेड़छाड़ और दुराचार का प्रयास, उधमसिंह नगर में बैखोफ लकड़ी तस्करो द्वारा फॉरेस्ट के अधिकारी/कर्मचारियो पर ताबड़तोड़ गोलीबारी, दून में युवती के साथ गैंग रेप, अंकिता हत्याकाण्ड सहित कई मामलों पर सरकार के (शेष पृष्ठ सात पर)







## महंगाई भत्ता नहीं बढ़ाने पर श्रमिकों का फैक्ट्री गेट पर धरना–प्रदर्शन

सितारगंज (उद संवाददाता)।वैधानिक रूप से महंगाई भत्ता नहीं बढ़ने के विरोध में फैक्ट्री श्रमिकों ने सोमवार को फैक्ट्री के बाहर विरोध स्वरूप धरना शुरू कर दिया। श्रमिकों का आरोप है की फैक्ट्री प्रबंधन नियमानुसार भत्ता नहीं बढ़ा रहा हैं। जबकि अन्य फैक्ट्रियों में महंगाई भत्ता का लाभ फैक्ट्री श्रमिकों को दिया जा रहा है। औद्योगिक पार्क स्थित लोहे के पाट्र्स बनाने वाली फैक्ट्री के 80 श्रमिकों ने सोमवार को उत्पादन ठप कर फैक्ट्री गेट के बाहर धरना शुरू कर दिया। फैक्ट्री श्रमिक भुवन कुमार ने बताया कि मैनेजमेंट वैधानिक रूप से जारी उनका महंगाई भत्ता नहीं बढ़ा रहा है लगातार फैक्ट्री श्रमिकों को आश्वासन दिया जा रहा है। ठेकेदार भी उनकी मांगों को अनदेखा कर रहा है। इस वजह से फैक्ट्री श्रमिकों का(शेष पृष्ठ सात पर)



## वन विभाग की टीम पर फायरिंग करने वाला बदमाश दबोचा

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। गदरपुर क्षेत्र में वन विभाग की टीम पर फायरिंग करने वाले एक बदमाश को गदरपुर थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उसके पास से 12 बोर की बंदूक और चार जिंदा कारतूस बरामद किये गये हैं। खुलासा करते हुए एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने बताया कि बीती छह सितम्बर को गदरपुर क्षेत्र अंतर्गत पीपलपडाव जंगल में वन विभाग की गश्ती टीम पर कुछ शातिर बदमाशों ने बन्दूको से लैस होकर ताबडतोड फायरिंग कर दिया था जिसमें वन विभाग के रेंजर सहित कुछ अन्य कर्मचारी घायल हो गये थे। मामले में वन रेंजर रूप नारायण गौतम की ओर से गदरपुर थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया था। लोक सेवक पर हमले की गंभीर घटना को अंजाम देने वाले आरोपियों के खिलाफ एसएसपी ने त्वरित कार्रवाई के आदेश दिये थे। एसएसपी के निर्देश पर थाना गदरपुर, केलाखेड़ा बाजपुर और एसओजी की चार टीमें गठित की गयी। गदरपुर थानाध्यक्ष के नेतृत्व में टीम ने रविवार रात कलकत्ती के पास मैन रोड पर कलकत्ती गाँव की तरफ से आने वाले रास्ते अब्दुल्ला नगर बार्डर पर मामले में नामजद गुरमीत सिंह उर्फ गेजी पुत्र टहल सिंह, ग्राम– हरिपुरा हरसान, थाना बाजपुर को गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से 12 बोर की एक रायफल और चार जिंदा कारतूस बरामद किये गये। बरामद रायफल तथा कारतूस संबन्ध में सख्ती से पूछताछ करने पर आरोपी ने बताया कि छह सितम्बर को उसने अपने अन्य साथियों संगत सिह उर्फ संगी पुत्र कुलदीप सिह, संदीप सिह पुत्र प्रीतम सित्र, सर्वजीत सिह उर्फ छब्बी पुत्र छुआरा सिंह तथा 5-6 अन्य लोगों के साथ मिलकर वन विभाग की (शेष पृष्ठ सात पर)



## चतुर्थ श्रेणी कर्मी ने फांसी लगाकर दी जान

रूद्रपुर। पंतनगर थाना क्षेत्र के फूलबाग सेंटर में एक अधेड़ ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर जान दे दी। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार फूलबाग सेंटर एन ब्लाक निवासी 52 वर्षीय जवाहर पुत्र मनी राम आज सुबह कमरे में फंदे पर लटका मिला। परिजन आनन फानन में उसे फंदे से उतारकर अस्पताल ले गये जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना से परिजनों में कोहराम मचा है। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक मूल रूप से छत्तीसगढ़ का निवासी था और पंतनगर में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के रूप में तैनात था।

## पंतनगर के दो घरों में हुई लाखों की चोरी का खुलासा

### पांच लाख से अधिक के माल के साथ एक गिरफ्तार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।पंतनगर थाना क्षेत्र के जवाहरनगर में रिटायर्ड पुलिस कर्मी समेत दो घरों में हुई लाखों के जेवर और नगदी चोरी के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर घटना का खुलासा कर दिया है। बता दें रिटायर्ड पुलिस कर्मी रमेश सिंह बिष्ट एवं ललित मोहन शाह निवासी जवाहर नगर थाना पंतनगर ने तहरीर देकर कहा था कि 27 अगस्त को अज्ञात चोर घर से लाखों रूपये के सोने चांदी के जेवर और नगदी चुराकर ले गये। मामले में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर खुलासे के लिए टीम का गठन किया गया था। टीम ने छानबीन करते हुए मामले में रविवार शाम को आबिद पुत्र मौ० हुसैन निवासी डोगपुर थाना गदरपुर को पन्तनगर नगला वाईपास पर दुर्गा टायर वर्कशांप के पास से गिरफ्तार कर लिया। एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने बताया कि पकड़े गये आरोपी के कब्जे से काले रंग की पन्नियो में 2 मंगलसूत्र, दो जोडी कान के झूमके, दो पौजी(शेष पृष्ठ सात पर)



**आवश्यकता है**

इलेक्ट्रॉनिक शोरूम में एकाउंट्स का कार्य करने हेतु युवक एवं युवतियों की। टैली की जानकारी आवश्यक।

-संपर्क करें-

8433432291

## बहला फुसलाकर युवक ने किशोरी से किया दुष्कर्म

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। कोतवाली क्षेत्र में किशोरी के साथ बहला फुसलाकर दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक शहर निवासी एक 14 वर्षीय किशोरी को दो दिन पहले रात को फाजलपुर महरौला निवासी नीरज ठाकुर बहला फुसलाकर अपने घर ले गया था। आरोप है कि युवक ने उसके साथ दुष्कर्म किया। बताया जा रहा है कि काफी देर तक जब किशोरी घर में नहीं मिली तो परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू कर दी थी। इस दौरान पता चला कि वह नीरज के घर पर है। परिजन वहां पहुंचे तो वह मिल गई। पूछताछ में किशोरी ने परिजनों को बताया कि नीरज ठाकुर ने उसके साथ दुष्कर्म किया। रविवार शाम को परिजन कोतवाली पहुंचे और पुलिस को तहरीर सौंपी। परिजनों ने युवक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। कोतवाल मनोहर सिंह दसौनी ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ पर पाक्सो एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। आरोपी की तलाश की जा रही है। फिलहाल आरोपी पुलिस की पकड़ से दूर हैं।

# किच्छा में हर तरफ श्री गणेश महोत्सव की धूम





फोटो-01 फोल्डर चारों लगने हैं।

किच्छा(उद संवाददाता)। नगर में गणेश चतुर्थी की धूम अपने चरम सीमा पर बनी हुई है। नगर के कोने कोने में आयोजकों द्वारा गणेश जी की प्रतिमा को स्थापित किया हुआ है तथा पंडालो को अति सुंदर ढंग से सजाया गया है। नगर इस वर्तमान में गणेश मय हो गया है।विकास कालोनी में आयोजित 14 वें श्री गणेश महोत्सव में सांसद प्रतिनिधि विपिन जलहोत्रा ने विधिवत् पूजा अर्चना कर भगवान श्री गणेश का आशीर्वाद प्राप्त किया। वहीं पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने भी गणेश पूजा अर्चना कर गणेश जी से सुख समृद्धि की कामना की इसके अलावा कांग्रेस के नगर अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी द्वारा भी विभिन्न स्थानों में जाकर गणेश पूजा अर्चना करते हुए नगर में अमन जैन की कामना की।इस दौरान सम्पूर्ण पंडाल भगवान गणपति के जयकारों से गूंजता नजर आया। गणेश चतुर्थी के अवसर पर नगर के वार्ड 16 विकास कालोनी में बीते 13 सालों से लगातार भगवान श्री गणेश जी का महोत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ बप्पा की भक्ति में लीन होकर भक्तजन मानते हुए आ रहे है। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भगवान श्री गणेश के भक्तों द्वारा भगवान श्री गणेश की प्रतिमा को पंडित नन्द किशोर शर्मा द्वारा मंत्र उच्चारण कर विराजमान कराया गया है। इस दौरान बतौर मुख्य अतिथि के रूप में भगवान श्री गणेश जी के 14वें महोत्सव में पहुंचे सांसद प्रतिनिधि विपिन जलहोत्रा द्वारा विधिवत पूजा अर्चना करते हुए भगवान श्री गणेश का आशीर्वाद प्राप्त किया। भगवान श्री गणेश की आरती करने के बाद विपिन जलहोत्रा ने अपने क्षेत्र, प्रदेश एवं देश की खुशहाली की कामना करते हुए कहा कि सुख समृद्धि के दाता भगवान श्री गणेश हम सभी के आराध्य है समस्त देवी देवताओं में सबसे पहले पूजन भगवान श्री गणेश का किया जाता है। कहा कि हिंदू धर्म की मान्यताओं के अनुसार भगवान गणेश की पूजा-अर्चना से साधक के सुख-सौभाग्य का आगमन होता है। साथ ही गणेश जी की कृपा से सभी काम बिना किसी बाधा के पूरे होने लगते हैं। इस दौरान मुख्य रूप से सांसद प्रतिनिधि विपिन जलहोत्रा, अरुण तनेजा, पूर्व ग्रामीण मंडल अध्यक्ष भाजपा हरीश खानवानी, अवतार सिंह, अशोक सिंह, रामसरन पाल, परमेश वर्मा, सुनील यादव, गुरुमीत सिंह, राज कुमार राजपूत, अमन सिंह, राहुल श्रीवास्तव। वहीं नगर में आयोजित गणेश चतुर्दशी के उपलक्ष में पूर्व विध ायक राजेश शुक्ला द्वारा भी गणेश जी की पूजा अर्चना की गई तथा गणेश भजनों में घूमते हुए आनंद लिया गया। यहां पर मुख्य रूप से मूलचंद राठौर, दिलीप सिंह, रोहित कुमार, रिंकू ठाकुर, रवि गंगवार, राज श्रीवास्तव, राजेंद्र राठौड़, भोला गुप्ता, करण गुप्ता, अनिल कुमार, शगुन, राधेश्याम गुप्ता, सनी अरोरा, हरीश, श्रीमती जानकी तिवारी, रीता फुटेला, विनीता जीना, श्रीमती श्याम कोली, किरण राठौड़, पुष्पा, राकेश गुप्ता, नितिन पटियाला, मूलचंद राठौर, ओमवीर गंगवार, राधेश्याम गुप्ता समेत तमाम बप्पा भक्तजन मौजूद रहे।

# ग्रोथ सेन्टरों एवं निर्माणाधीन आवासों का किया निरीक्षण

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार ने विकास खण्ड जसपुर की ग्राम पंचायत गढीनेगी, मेघावाला, भरतपुर एवं विकास खण्ड काशीपुर की ग्राम पंचायत पैगा व सीतारामपुर का भ्रमण कर ग्रोथ सेन्टरों एवं प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अन्तर्गत निर्माणाधीन आवासों का स्थलीय निरीक्षण किया । घावाला मिल्क ग्रोथ सेन्टर में प्राप्त हो रहे दुग्ध की मात्रा से असंतुष्ट दिखे सीडीओ ने खण्ड विकास अधिकारी जसपुर को निर्देश दिये कि मिल्क प्रोसेसिंग यूनिट में अधिक से अधि क दुग्ध की आपूर्ति हेतु स्थानीय दुधारू पशु पालकों वार्ता करें व उचित मार्गदर्शन करते हुए उन्हें यूनिट में दुग्ध आपूर्ति हेतु प्रेरित करें तांकि स्थापित मिल्क प्रोसेसिंग यूनिट में अधिक से अधिक मात्रा में दुग्ध की आपूर्ति हो सके एवं स्थानीय महिला स्वयं सहायता समूहों की आजीविका में वृद्धि हो सके। उन्होंने ग्राम पंचायत भरतपुर में हैण्डलूम ग्रोथ सेन्टर वर्तमान तक भी संचालित न होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए खण्ड विकास अधि कारी जसपुर को निर्देश दिये गये कि उक्त ग्रोथ सेन्टर को 10 दिन के समयान्तर्गत प्रारम्भ कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने विकास खण्ड काशीपुर की ग्राम पंचायत पैगा में मत्स्य ग्रोथ सेन्टर की मशीनें सुचारू रूप से क्रियाशील न होने के कारण सहायक निदेशक मत्स्य को उक्त ग्रोथ सेन्टर का स्वयं स्थलीय निरीक्षण कर ग्रोथ में स्थापित समस्त मशीनों को क्रियाशील बनाने के निर्देश दिये गये। मुख्य विकास अधिकारी ने विकास खण्ड काशीपुर की ग्राम पंचायत सीतारामपुर में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अन्तर्गत कलस्टर के रूप में विकसित की जा रही आवासीय कालोनी में निर्माणाधीन आवासों की प्रगति में सुधार लाने हेतु श्रमिकों की संख्या बढ़ाने एवं विकसित हो रही आवासीय परिसर में अन्य अवस्थापना सम्बन्धी समस्त सुविधाएँ मुहैया कराने एवं समस्त परिवारों को व्यक्तिगत एवं सामुहिक शौचालय की सुविधा प्रदान करने हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत कराने के निर्देश दिये गये।




# संकुल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

नानकमत्ता(उद संवाददाता)।संकुल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में शिशु वर्ग में परमानंद कांड पाल सरस्वती शिशु मंदिर नानकमत्ता चैंपियन रहा, जिसमें छात्र जितेश ने 100 मीटर दौड़ ऊंची कूद लंबी कूद में प्रथम स्थान प्राप्त किया। शिशु वर्ग के चैंपियन रहे खो खो की टीम ने प्रथम स्थान कबड्डी में भी छात्रों ने द्वितीय स्थान दौड़ में कनक राना ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस उपलक्ष में सभी छात्र-छात्राओं




को विद्यालय परिवार एवं प्रबंधन समिति ने प्रसन्नता व्यक्त की और सभी छात्र-छात्राओं को आगे की प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन करने का आशीर्वाद दिया साथ ही विद्यालय की प्रधानाचार्य गौरी दत्त जुकरिया ने छात्र-छात्राओं को को सम्भागीय खेल कूद प्रतियोगिता की तैयारी करने का आह्वान करते हुए उन्होंने बताया कि 16 17 सितम्बर को रुद्रपुर में होने वाली संभाग स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता इससे भी अच्छा प्रदर्शन करना है।

# पढ़ाई के साथ ही खेल भी आवश्यक: सीडीओ

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। खेल निदेशालय देहरादून एव जिला प्रशासन के सौजन्य से आयोजित राज्य स्तरीय अनुसूचित जाति ओपन बालक



खो-खो प्रतियोगिता का आगाज हुआ। मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार ने रविवार को मनोज सरकार स्पोर्ट्स स्टेडियम रूद्रपुर मैं तीन दिवसीय खो खो प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया। उन्होने सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया व उनकी हौसला अफजाई की। सम्बोधित करते हुए मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार ने प्रदेश भर से आए खिलाड़ियों को बधाई दी व खिलाड़ियों का आह्वान करते हुए कहा कि खिलाड़ी खेल भावना से खेलते हुए अपनी प्रतिभा को बेहतर ढंग से खेल के मैदान में प्रदर्शित करें। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ ही खेल भी अति आवश्यक है,खेलों में भी सुनहरा भविष्य है। खेल शारीरिक व मानसिक विकास में महत्वपूर्ण है, खेल से शरीर स्वस्थ रहता है और स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन वास करता है। उन्होंने कहा कि खेलों से टीम भावना जागृत होती है और इच्छा शक्ति भी बढ़ती है जिससे जीवन में दृढ़ता आती है। श्री कुमार ने कहा खेलों में जीतने व हारने से ज्यादा खेलों में प्रतिभाग करना अति आवश्यक है, इसलिए खेल भावना से खेलों में प्रतिभाग करे व अपने विद्यालय, अपने प्रदेश व देश का नाम रोशन करें। इस अवसर पर जिला खेल अधिकारी जानकी कार्की ने बताया कि खो-खो प्रतियोगिता में प्रदेश के जनपदों की 14 टीमों के 145 खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे हैं। इस दौरान जिला खेल अधिकारी जानकी कार्की, प्रशिक्षक, अभिभावक व खिलाड़ी मौजूद थे।

# सेना में अफसर बने सौरभ

बागेश्वर (उद संवाददाता)।कमेडी निवासी सौरभ रौतेला ने सीडीएस परीक्षा पास कर सेना में अधिकारी बनने का गौरव प्राप्त किया है। उनके पिता, जो आईटीबीपी हिमाचल प्रदेश में सूबेदार हैं,उनके द्वारा देश सेवा के लिए सैन्य अधिकारी बनने के लिए उन्हें प्रेरित किया गया। वही पिता के सपनो को साकार करने के लिए उनके द्वारा की गई कड़ी मेहनत और लगन से कमेड़ी निवासी सौरभ रौतेला ने सीडीएस की परीक्षा पास कर सेना में अधिकारी बन अपने पिता के सपने को भी पूरा किया हैं।सैन्य अधिकारी बने सौरभ के पिता



आईटीबीपी हिमाचल प्रदेश में सूबेदार हैं। बागेश्वर जिले केके होनहार सैन्य अधिकारी बने सौरभ की प्रारम्भिक शिक्षा द्वितीय कक्षा तक महर्षि विद्या मंदिर बागेश्वर से हुईजबकि तीसरी से बारहवीं कक्षा की पढ़ाई केंद्रीय विद्यालय देहरादून से हुई।मैकेनिकल से बीटेक करने के बाद वर्ष12021 में सीडीएस परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद चेन्नई से ट्रेनिंग के बाद अब भारतीय सेना में सैन्य अधिकारी बनने का गौरव प्राप्त हुआ है।

# निर्माण सामग्री सड़क पर रखने पर दी चेतावनी

गदरपुर(उद संवाददाता)। राष्ट्रीय राजमार्ग 74 से सकैनियां को जाने वाले मार्ग पर तिराहे पर प्रतिष्ठान के आगे फैली हुई खनन सामग्री से राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था जिस पर थानाध्यक्ष जसवीर सिंह चौहान ने पुलिस फोर्स के साथ पहुंचकर प्रतिष्ठान स्वामी को सूचना भिजवाते हुए कोर्ट चालान की चेतावनी देते हुए अति शीघ्र सड़क से खनन सामग्री एवं अन्य सामान हटाए जाने की चेतावनी दी । सकैनिया मोड़ पर दर्जनों ठेले फड़ वालों द्वारा सड़क के किनारे अपने दुकानें लगाकर अतिक्रमण कर रखा है इस दौरान भारी संख्या में व्यापारियों का भी जमावड़ा लगा रहा। वही सकैनिया मोड पर ही लगे हुए विद्युत ट्रांसफार्मर की आड़ में भी लोगों ने दुकान बढ़ाकर अतिक्रमण कर रखा है जिस पर भी कार्रवाई की आवश्यकता है। जहां अक्सर देर रात तक जाम की स्थिति बनी रहती है।



# मध्य रात्रि दबंगों ने घर पर किया पथराव

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मौहल्ला दूधियानगर में जन्मदिन मना रहे परिजनों द्वारा घर के आगे घूम रहे युवकों को टोकने पर मध्य रात्रि दबंग युवकों ने घर पर पथराव कर दिया। मामले की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में रामस्वरुप पुत्र नत्थूलाल निवासी दूधिया नगर ने कहा है कि 5 सितम्बर को उसके घर पर जन्मदिन का प्रोग्राम था। रात्रि 11 बजे के करीब दूधियानगर निवासी प्रियांशु व राजा उसके घर के बाहर बिना मतलब चक्कर लगा रहे थे ।जब उन्हें रिश्तेदार दीपांशु ने टोका ये लोग दीपांशु से भिड़ गये और गाली गलौच करने लगे। मध्य रात्रि करीब 3 बजे घर पर पत्थर, ईटें चलने की आवाज सुनाई दी। जब बाहर आकर झांका तो प्रियांशु, राजा तथा उसके 1-2 अन्य साथी घर पर ईट फेंक रहे थे। हल्ला मचाने पर आसपास के लोगों के आने से ये लोग जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। इस घटना से उसका परिवार भयभीत है।पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं।

# ठुकराल ने किया गणेश महोत्सव का शुभारम्भ

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने रम्पुरा वार्ड नंबर 21स्थित काली मंदिर एवं रम्पुरा वार्ड नंबर 22 शनि मंदिर में आयोजित में शिरकत कर लोगों को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर पूर्व विधायक ठुकराल ने कहा कि धार्मिक आयोजन समाज में आपसी सौहार्द्र और भाईचारा बढ़ाते है। माना जाता है। उन्हें विघ्न हर्ता भी माना जाता है। उनकी पूजा अर्चना से सभी तरह के विघ्न दूर होते हैं। इस अवसर परसतीश वर्मा,जगदीश नेगी, राकेश



गणेश महोत्सव में दूसरे दिन पहुंचकर दीप प्रचलित कर शुभारंभ किया और पूजा अर्चना कर सभी के लिए सुख समृद्धि की कामना की। वहीं प्रबल इन्कलेव में भी पूर्व विधायक ठुकराल ने गणेश महोत्सव उन्होंने कहा कि हिंदू धर्म में विभिन्न पर्व और त्यौहारों का विशेष महत्व है। धार्मिक पर्व हमें अलग संदेश देते हैं और सही राह पर चलने की सीख देते हैं। उन्होंने कहा कि गणेश जी को प्रथम पूजनीय कोली, धीरेंद्र मौर्य, संदीप यादव, पुष्पेंद्र,प्रदीप पुरोहित, सुभाष टेकाम, राजकुमार राणा,येगेश पाटिल, मुरारी चौधरी,दीपक सागर, रघुनथा वेदी, रंजीत सागर,बंटी कोलीआदि मौजूद रहे।

# गणेश उत्सव में मीना शर्मा को किया सम्मानित

रूदपुर(उद संवाददाता)।गणेश चतुर्थी के अवसर पर उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष मीना शर्मा, शहर के विभिन्न स्थानों पर आयोजित गणेश महोत्सव कार्यक्रम में पहुंची, जहां उन्होंने भगवान गणेश की पूजा अर्चना की, और प्रसाद ग्रहण किया स इससे पूर्व श्रीमती शर्मा गंगापुर रोड स्थित स्वर्णिम हिल व्यू सिटी कॉलोनी में आयोजित गणेश महोत्सव कार्यक्रम में पहुंची, जहां उन्होंने भगवान गणेश की पूजा अर्चना की, इससे पूर्व आयोजक सुरेश कुमार मिश्रा, इंद्रपाल वर्मा, अवधेश सिंह,संभावित पार्षद प्रत्याशी रोहित चौहान, आदि लोगों ने श्रीमती शर्मा और कांग्रेस नेता अनिल शर्मा का स्वागत किया स बाद में श्रीमती शर्मा रविंद्र नगर स्थित गणेश महोत्सव कार्यक्रम में पहुंची, जहां विश्वकर्मा समाज द्वारा श्रीमती शर्मा और कांग्रेस नेता अनिल शर्मा का पीत वस्त्र डालकर स्वागत किया गया। यहां श्रीमती शर्मा ने भगवान गणेश की पूजा अर्चना की, और इस अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रतिभाग करने वाले बच्चों को पुरुष्कृत किया स यहां उपस्थित प्रमुख लोगों में बाबू विश्वकर्मा, नरेंद्र विश्वकर्मा, सहित बड़ी संख्या में अन्य लोग उपस्थित थे स बाद में श्रीमती शर्मा सुभाष कॉलोनी और आदर्श कॉलोनी में आयोजित गणेश महोत्सव कार्यक्रम में पहुंची जहां उन्होंने भगवान गणेश की पूजा अर्चना की।



# अंडर 11 वर्ग राज्य स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता 15 सितम्बर से

किच्छा(उद संवाददाता)।आगामी 15 सितंबर को अंडर- 11 वर्ग राज्य स्तरीय दो दिवसीय शतरंज प्रतियोगिता का शुभारंभ किया जाएगा। देवभूमि चैस एसोशिएसन के महासचिव संजीव चौधरी ने प्रैसवार्ता कर बताया कि अंडर-11 राज्य स्तरीय दो दिवसीय शतरंज प्रतियोगिता का शुभारंभ आगामी 15 सितंबर को रुद्रपुर रोड स्थित होटल में किया जाएगा। प्रतियोगिता में पूरे उत्तराखंड से आए बालक एवं बालिका खिलाड़ी भाग लेंगे। प्रतियोगिता के फाइनल मैच 16 सितंबर को खेले जाएगें। प्रतियोगिता में शीर्ष पर रहने वाले प्रथम 2 बालक एवं 2बालिका वर्ग के खिलाड़ी आगामी राष्ट्रीय प्रतियोगिता में उत्तराखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे। प्रतियोगिता में रजिस्ट्रेशन कराने के लिए अंतिम तिथि 14 सितंबर रखी गयी है। प्रैस वार्ता के दौरान देवभूमि चौस एसोशिएसन की कोषाध्यक्ष डा. सीमा सिंह, आर्यन सिंह, मत्युजंय सिंह, पवन कुमार रहे।

# युवा पीढ़ी को संस्कृति से जोड़ते हैं धार्मिक पर्वः शर्मा

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा ने काशीपुर रोड स्थित सामिया लेकर सिटी एंव गाधी कालोनी में आयोजित गणेश महोत्सव में पूजा अर्चना की और सभी को गणेश महोत्वस की शुभकामनाएं देते हुए सुख समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा ने कहा कि धार्मिक पर्वों से समाज को सही दिशा में चलने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि तराई में सभी पर्वों को आपसी सदभाव के साथ मनाया जाता है। आज घर घर में गणेश उत्सव की धूम है। उन्होंने कहा कि धार्मिक पर्वों को एक साथ मिलकर मनाये जाने से युवा पीढ़ी को धार्मिक पम्पराओं और संस्कृति का ज्ञान मिलता है और ऐसे आयोजन युवा पीढ़ी को अपनी संस्कृति से जोड़ने का काम करते हैं। श्री शर्मा ने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजनों से समाज में एकजुटना का संदेश मिलता है। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र से शुरू हुए गणेश उत्सव आज पूरे देशभर में धूमधाम से मनाया जा रहा है। । इस अवसर पर आयोजकों ने विकास शर्मा को स्मृति चिन्ह देकरसम्मानित किया। इस अवसर पर अशोक शर्मा, दीवान, तूफान, एसपी साहू, डॉ कुंदन राठौर, समिति के अध्यक्ष दिनेश पांडे, कार्यक्रम संयोजक राकेश तिवारी, चंद्रप्रकाश, अखिलेश खरे, डॉक्टर धीर सिंह, मनदीप वर्मा, ममता पांडे, नितिन कौशिक, सुनील ठुकराल, उपेंद्र चौधरी, अंकित ,शिवा, संजय राठौर, हैप्पी, सुशील नारंग, नरेश सागर, संदीप कुमार, हितेश अरोरा सहित विभिन्न क्षेत्र के कई श्रद्धालु मौजूद थे।





# आप के नवनियुक्त पदाधिकारियों का किया स्वागत

रुद्रपुर/गदरपुर(उद संवाददाता)। महानगर रुद्रपुर में आहूजा धर्मशाला में आम आदमी पार्टी द्वारा नवनियुक्त पदाधिकारी का सम्मान समारोह धूमधाम से किया गया वही गदरपुर कार्यकारिणी का विस्तार भी पदाधिकारी द्वारा किया गया। रविवार को रुद्रपुर में आहूजा धर्मशाला में आम आदमी पार्टी के नवनियुक्त पदाधिकारी का सम्मान समारोह धूमधाम से मनाया गया जिसमें पहुंचे नवनियुक्त पदाधिकारी बंगाली समाज मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सुभाष व्यापारी, प्रदेश महिला मोर्चा अध्यक्ष सुनीता बाजवा टमटा वही रुद्रपुर के आम आदमी पार्टी के पद अधिकारियों ने पुष्प गुच्छ भेंट कर माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत किया वहीं पर पदाधिकारी द्वारा गदरपुर कार्यकरणी को लेकर चर्चा कर विस्तार किया गया जिसमें गदरपुर में




आम आदमी पार्टी के नगर अध्यक्ष की जिम्मेदारी शकील अहमद को सौंपी व नगर उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी मुजम्मिल हुसैन (सैफी) को सौंपी जिम्मेदारी मिलने की सूचना पर गदरपुर नगर में भी शकील अहमद और मुजम्मिल हुसैन के समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई वही बंगाली समाज मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सुभाष व्यापारी ने बताया कि उन्हें शीर्ष नेतृत्व द्वारा जो जिम्मेदारी सौंपी है उसका जिम्मेदारी से निर्वहन करेंगे और जन समस्याओं को समय-समय पर उजागर कर शासन और प्रशासन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे वही नगर अध्यक्ष शकील अहमद ने बताया कि आम आदमी पार्टी द्वारा जो उन्हें जिम्मेदारी मिली है उसको वह बखूबी निभाएंगे और गदरपुर में भी आम आदमी पार्टी को और अधिक मजबूत करेंगे इस दौरान कार्यक्रम प्रदेश महामंत्री डी एस कौटिल्य, प्रदेश सचिव कुलवंत सिंह, रुद्रपुर जिला अध्यक्ष जनार्दन सिंह, अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष शादाब आलम, जसपाल सिंह सहित जिला व प्रदेश के पदाधिकारी मौजूद थे।







# रम्पुरा में सात दिवसीय भागवत कथा का हुआ शुभारम्भ

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। वार्ड नं. 24 रम्पुरा में दुर्गा मन्दिर पर सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का पूजा अर्चना कर समाजसेवी संजय ठुकराल ने शुभारंभ किया। इस दौरान श्री ठुकराल ने भागवत कथा के आयोजन की सराहना करते हुए धार्मिक आयोजनों में बढ़चढ़कर भागीदारी करने का आहवान किया। श्री ठुकराल ने कहा कि धार्मिक कार्यक्रम में समाज कोई धर्म की राह पर चलने की प्रेरणा देते हैं। धार्मिक आयोजनों से मन में नई उर्जा का संचार होता है । उन्होंने कहा कि आज युवा पीढ़ी पाश्चात्य संस्कृति के प्रभाव में आकर अपनी संस्कृति को भूल रही है। युवा पीढ़ी को अपने धर्म और संस्कृति से जोड़ने के लिए उन्हें जागरूक करने की जरूरतत है। उन्होंने कहा कि आज बच्चों को किताबी ज्ञान के साथ साथ संस्कारों का ज्ञान देना भी जरूरी है। धार्मिक संस्कार ही व्यक्ति को आदर्श नागरिक बनने की प्रेरणा देते हैं। विधायक ठुकराल ने धार्मिक आयोजनों में हरसंभव सहयोग का आश्वासन भी दिया। इस अवसर पर समाजसेवी संजय ठुकराल , बनारसी दास कोली ,हिम्मत राम कोली ,चंद्रकाली देवी ,माया देवी ,लक्ष्मी देवी, कांति देवी ,उर्मिला, कुसुम देवी, भूरी देवी, सरोज रानी ,जमुना देवी ,कमला देवी ,कमलेश पाल ,आशा देवी, बिना रस्तोगी, पार्वती देवी ,रानी देवी, मिथलेश पाल, ओमवती देवी, राम मूर्ति देवी, सरस्वती देवी,राजू गुप्ता पंकज कोली ,बंटी कोली आदि सहित कई लोग मौजूद थे।



# माँ नंदा सुनंदा महोत्सव का हुआ भव्य शुभारम्भ

## सीएम ने दी शुभकामनायें, 15 सितम्बर को नगर में शोभा यात्रा के साथ मूर्ति विसर्जन किया







नैनीताल(उद संवाददाता)। नैनीताल में रविवार को श्री राम सेवक सभा प्रांगण में पूरे विधि विधान के साथ माँ नंदा सुनंदा महोत्सव का शुभारम्भ हुआ। नैनीताल विधायक सरिता आर्या, एसएसपी पीएम मीणा, एसपीसिटी हरबंस सिंह,नगर पालिका प्रशासक केएन गोस्वामी आदि गणमान्य लोगों ने पूजा अर्चना और दीप प्रज्वलित महोत्सव का शुभारंभ किया। इस दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भी दूरभाष के माध्यम से महोत्सव का शुभारंभ किया। उन्होंने प्रदेश की जनता को मां नन्दा सुनन्दा महोत्सव की बधाई देते हुए सुख समृद्धि की कामना की। कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आज हमारा देश प्रगति के नये आयाम प्राप्त कर रहा है। देश विश्व में प्रेरणा का स्रोत बन रहा है। प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन से उत्तराखण्ड के विकास को नई दिशा मिली है। कहा कि राज्य सरकार प्रगति की ओर अग्रसर है, जिसमें रोजगार, स्वरोजगार और हर क्षेत्र में विकास हो रहे हैं। 2 बजे से महोत्सव उद्घाटन के बाद करीब 4 बजे राम सेवक सभा अन्य भक्त कदली वृक्ष लेने के लिए प्रस्थान किया। बता दें कि श्री नंदा देवी महोत्सव इस बार 122 वें वर्ष में प्रवेश कर लिया है। यह मेला 8 से 15 सितम्बर तक आयोजित किया गया। जिसमें 9 सितम्बर दोपहर दो बजे से कदली वृक्ष का सुखाताल, चिना बाबा के पास स्वागत,पूजन, 10 सितम्बर को 12 बजे से मूर्ति निर्माण, 11 सितंबर को सुबह तीन बजे ब्रहम मूहर्त में प्राण प्रतिष्ठा एवं पूजन, पंच आरती, देवी भोग, 12 सितंबर को सुबह 6 बजे देवी पूजन,श्री दुर्गा सप्तशती पाठ, कन्या पूजन, महाभंडारा डीएसए मैदान, 13 को सुबह 6 बजे देवी पूजन, भजन कार्यक्रम और शाम को 7बजे दीपदान, 14 को 6 बजे से देवीपूजन, सुंदर कांड, पंच आरती, देवी भोग और 15 सितम्बर को सुबह 6 बजे से देवी पूजन, दोपहर 12 बजे देवी भोग, 12 से नगर में शोभा यात्रा के बाद मूर्ति विसर्जन किया जाएगा

# सिटी मजिस्ट्रेट ने किया स्ट्रीट लाईट का सत्यापन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)जिलाधिकारी वंदना सिंह के निर्देशों के क्रम में हल्द्वानी बस स्टेशन, ठंडी सड़क, दुर्गा सिटी सेंटर और क्रियाशाला में स्ट्रीट लाईट की समुचित व्यवस्था कर दी है। इससे राहगीरों के साथ ही बालिकाओं को रात्रि आवाजाही में आसानी होगी। साथ ही सुरक्षित भी महसूस करेगी।इस आशय की जानकारी देते हुए नगर मजिस्ट्रेट एपी बाजपेई ने बताया कि रविवार शाम को नगर निगम की टीम ने उक्त स्थलों में स्ट्रीट लाईट बदल दी है। डीएम के निर्देशो में बाल विकास, शिक्षा विभाग ने विभिन्न स्थलों में काय 'शाला आयोजित कर असुरक्षित स्थलों को चिन्हित किया था। इसी क्रम में हल्द्वानी बस स्टेशन में 9, ठंडी सड़क में 14, दुर्गा सिटी सेंटर में 7 और क्रियशाला में 11 खराब पड़ी स्ट्रीट लाइट को बदलकर ठीक कर दिया है। सिटी मजिस्ट्रेट ने सभी स्ट्रीट लाइट का सत्यापन किया और सुचारू रूप पाई गई। सुरक्षा के लिहाज से नगर पालिका नैनीताल ने नंदा देवी मेला क्षेत्र में 30 स्थलों में सीसीटीवी और हाई मास्क लाइट की पर्याप्त व्यवस्था की है। इस दौरान सहायक नगर आयुक्त गणेश भट्ट, नवीन देवली मौजूद थे।



# मशहूर जादूगर जे कुमार का मायाजाल

## रोमांच व हैरतअंगेज कारनामों को देखने के लिए जुट रही भीड़

काशीपुर(उद संवाददाता)। विश्व के प्रसिद्ध जादूगर जे कुमार का जादू शो यहां रामनगर रोड स्थित रामलीला मैदान के सभागार में शुरू हो चुका है। एक से बढ़कर एक हैरतअंगेज कारनामों को देखने के लिए स्थानीय लोगों की भारी भीड़ जुट रही है। जादू का यह शो निरंतर 17 दिन तक जारी रहेगा। यह शो रहस्य,रोमांच,सनसनी से भरपूर मनोरंजन का खजाना है। इस शो के मुख्य आकर्षण का केंद्र हेलीकॉप्टर,जिंदा आदमी को तोप से उड़ाना,कैसे मिली देश को आजादी,कन्या भ्रूण हत्या,नशा मुक्ति,एक लड़की के कई टुकड़े कर देना ,डांस करती लडकी को भालू बना देना , खाली हाथों से नोटों की बारिश होना , बरमुंडा ट्रैंगल, जैक ट्यूब लेडी, जापान की ओरिगामी आर्ट और देशी विदेशी खेलों के साथ समाज में फैले अंधविश्वास, दहेज उत्पीड़न,बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, पाखंडवाद आदि कुरीतियों के प्रति जादूगर अपनी कला के माध्यम से आम जनता को जागरूक करने का काम कर रहे हैं। जादूगर जे कुमार का यह शो पूरी तरह से पारिवारिक एवं मनोरंजन से भरपूर है। उन्होंने सभी क्षेत्रवासियों से हैरतअंगेज जादू शो देखने के लिए पहुंचने की अपील की है।





# प्रदेश में नेत्रदान के मामले में गदरपुर नंबर वन

गदरपुर(उद संवाददाता)। ब्लड मैन के नाम से जाने वाले संदीप चावला व उनके साथी विकास भुसरी को मिष्ठान संगठन के अध्यक्ष राकेश कुमार व मनिहारी गली के समस्त व्यापारियों द्वारा रविवार को पगड़ी पहनकर सम्मानित किया गया। बता दें संदीप चावला द्वारा नगर के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को भी नेत्रदान के लिए जागरूक किया जाता है जिसके चलते गदरपुर क्षेत्र के 100 से अधिक नेत्रदाता हो गए हैं। गदरपुर सबसे अधिक नेत्रदाता वाला शहर बन गया है। संदीप चावला ने बताया कि एक व्यक्ति के नेत्रदान करने से किन्ही दो लोगों की जिंदगी में उजाला आ सकता है। उन्होंने बताया इंसान को जीते जी रक्तदान और मरने के बाद नेत्रदान करना चाहिए । संदीप चावला और विकास भुसरी की इस मुहिम से गदरपुर क्षेत्र प्रदेश में नंबर वन नेत्रदाता के रूप में जाना पहचाना जा रहा है। रविवार को गदरपुर के तमाम व्यापारियों ने सोचो डिफरेंट के संस्थापक संदीप चावला एवं विकास भुसरी को नेत्रदान के क्षेत्र में अनुकरणीय कार्य के लिए सम्मानित किया गया। इस दौरान रमेश हुडिया,रमन छाबड़ा,केवल गुंबर, बंटी छाबड़ा,मदन हुड़िया, गुलशन पोपली, नीटू भुड्डी,राजकुमार सक्सेना, राकेश चुघ आदि व्यापारी मौजूद रहे।



# खिलाड़ियों ने जिले की जू-जित्सु टीम में जगह बनाने को दिखाए जौहर

रूद्रपुर(उद संवाददा)। जिला जू-जित्सु एसोसिएशन ऑफ ऊधम सिंह नगर ने जिले की सब जूनियर, कैडेट, जूनियर, सीनियर जू-जित्सु टीम का चयन रविवार को श्री दुर्गा मंदिर धर्मशाला, रूद्रपुर में किया। ट्रायल्स का उद्घाटन जिला जू-जित्सु एसोसिएशन के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट सेंसई जॉनी हीराम तिग्गा, सेंसई शोभा तिग्गा, कोषाध्यक्ष सिहान किशोर सिंह, महासचिव रिहाई पाल भारती, एशियन खिलाड़ी कृष्ण साना, कमल सिंह, सतविंदर सिंह सहित अनेकों पदाधिकारियों से सयुक्त रूप से सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। वाइस प्रेसिडेंट जॉनी हीराम ने कहा कि जिले की खेल प्रतिभाओं ने अपने को हमेशा ही ऊंचे स्थान पर रखा है। खेल प्रतिभाओं को यदि शुरुआती दौर में बेहतर प्रशिक्षण मिले तो उनके स्थापित होने के अवसर बढ़ जाते हैं। जानकारी देते हुए आयोजक सचिव ऋषि पाल भारती ने बताया कि उक्त चयन ट्रायल में जनपद के 8 ब्लॉक्स के 85 खिलाड़ियों ने विभिन्न अयुवर्गों की फाइटिंग स्पर्धा में जोहर दिखाया। ओर आगे भारती ने बताया कि खेल निदेशालय उत्तराखण्ड, देहरादून एवं जिला प्रशासन, ऊधम सिंह नगर तथा जिला खेल कार्यालय, ऊधम सिंह नगर के तत्वावधान में राज्य स्तरीय सामान्य जाति जू-जित्सु (बालक वर्ग) प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 14 से 16 सितंबर, 2024 तक श्री मनोज सरकार स्पोर्ट्स स्टेडियम रूद्रपुर (ऊधम सिंह नगर) में अयोजित हो रही है। जिसमें जनपद ऊधम सिंह नगर की चयनित जू-जित्सु टीम प्रतिभाग करेगी। रेफरी भूमिका में कमल सिंह, अभिषेक राजपूत एवं ऑफिशियल में हिमा भट्ट, आकृति कौर, नरेंद्र सिंह, वसीम खान, रूणु शर्मा, प्रिया विश्वास शामिल रहे। ट्रायल में विभिन्न आयुवर्गो के भार वर्ग में चयनित होने वाले खिलाड़ियों में अंडर 8 वर्ष बालक वर्ग में चिराग, हर्ष वर्धन तिवारी (रूद्रपुर),उत्कर्ष सिंह (पंतनगर),मनन अटवाल (नानकमत्ता), अंडर 10 वर्ष बालक वर्ग में देवराज सिंह ( खटीमा), गौरव (खटीमा), रौनक (पंतनगर), विराज सिंह (जसपुर), अंडर 12 वर्ष बालक वर्ग में ऋषि मेहरा (खटीमा), आदित्य (किच्छा), नामिश (रूद्रपुर), उत्कर्ष (काशीपुर), पियूष भाटिया (खटीमा), विवेक (खटीमा), भास्कर जोशी (नानकमत्ता), मो अली अब्बास (काशीपुर), अंडर 14 वर्ष बालक वर्ग में प्रज्ञान बिष्ट (रूद्रपुर), तनीश (खटीमा), ऋषि गांगुली (रूद्रपुर), प्रियांशु (नानकमत्ता) रोहन (नानकमत्ता), हिमेश जोशी (खटीमा) सहित कुल 48 खिलाड़ी चयनित हुए।इस मौके पर सभी चयनित खिलाड़ियों को डीएसओ श्रीमती जानकी कार्की, जिला जू-जित्सु एसोसिएशन के अध्यक्ष भारत भूषण चुघ, रेंशी विनय जोशी, श्रीमती रसिका सिद्दीकी, देवेंद्र रावत, विनोद लखेरा, श्री दुर्गा मंदिर धर्मशाला रूद्रपुर के अध्यक्ष चेतन धीर, मैनेजर शेखर सक्सेना, शंकर सिंह, रघु रावत, गंगा मेहरा, गुलशन कुमार, बलविंदर सिंह, हैप्पी सिंह, कताक्षा कौर, शिवानी, मुस्कान सहित अनेकों अभिभावकों ने शुभकामनाएं दी।





# रक्तदान करने से कम होता है हार्ट अटैक का खतरा:डा. सोनिया

## नारायण हॉस्पिटल के ब्लड बैंक में भारत विकास परिषद शहीद उधम सिंह शाखा ने आयोजित किया रक्तदान शिविर

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।भारत विकास परिषद् शहीद ऊधम सिंह शाखा की ओर से नारायण हॉस्पिटल के ब्लड बैंक में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें शाखा सदस्यों , शहर के गणमान्य व्यक्तियों के साथ ही नारायण अस्पताल के स्टाफ ने भी रक्तदान किया। शिविर में 41 यूनिट रक्त एकत्र किया गया। शिविर का शुभारंभ नारायण अस्पताल की एमडी एवं सीनियर फिजिशियन डॉक्टर सोनिया अदलखा सहित अन्य गणमान्य जनों ने संयुक्त रूप से भारत माता एवं स्वामी विवेकानंद जी के चित्रों के सम्मुख दीप जलाकर किया। इस अवसर पर डा. सोनिया अदलखा ने कहा कि रक्तदान महादान है, इसे जीवनदान के बराबर माना जाता है। रक्तदान न केवल अन्य व्यक्ति के जीवन को बचाता है, बल्कि यह रक्त देने वाले को स्वस्थ बनने में भी मदद करता है, इसलिए यह दोनों के लिए फायदेमंद है। डॉ. सोनिया अदलखा ने आगे कहा कि रक्तदान एक जीवन देने वाली गतिविधि है जो किसी व्यक्ति के जीवन को बचा सकती है। इसलिए जब भी मौका मिले, सभी स्वस्थ पुरुष और महिलाओं को रक्तदान करना चाहिए। उन्होंने कहा रक्तदान शरीर में नए खून को पुनर्जीवित करने में सक्षम बनाता है। कुछ लोगों में यह भ्रांतियां है कि रक्तदान करने से शरीर को नुकसान होता है, यह बिल्कुल गलत है। रक्तदान करने वाले के शरीर में कुछ दिन बाद ही पुन: रक्त बन जाता है। रक्तदाता की ओर से दान किया गया रक्त जरूरत पड़ने पर किसी की जान बचा सकता है। साथ ही जिन लोगों का खून गाढ़ा होता है वह यदि समय समय पर रक्तदान करते हैं, तो उनका खून पतला होने से हार्ट अटैक, स्ट्रोक जैसी गंभीर स्थिति से भी बचाव हो सकता है। भारत विकास परिषद् शहीद ऊधम सिंह शाखा अध्यक्ष विनय बंसल ने बताया कि परिषद द्वारा रक्तदान के क्षेत्र में लगातार सेवा कार्य किए जाते हैं, इसी श्रृंखला में इस स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन नारायण हॉस्पिटल ब्लड बैंक, रुद्रपुर के सहयोग से उनके परिसर में किया गया। शाखा सचिव अजय अग्रवाल ने बताया कि ब्लड बैंक से रक्त की मांग आने पर शहीद ऊधम सिंह शाखा द्वारा इस शिविर का आयोजन आज किया जा रहा है। शहीद ऊधम सिंह के शाखा उपाध्यक्ष (सेवा) अमित जिंदल एवं रक्तदान संयोजक संदीप गुगलानी ने शिविर के आयोजन में सहयोग हेतु नारायण हॉस्पिटल ब्लड बैंक, रुद्रपुर के समस्त प्रबंधन एवं कर्मचारियों का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी सहयोग की अपेक्षा की। शिविर के समापन पर भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा ने परिषद् के कार्यों की सराहना करते हुए शाखा को बधाई दी।शिविर में करनवीर सिंह,विनय बंसल,अजय अग्रवाल,भूपेश कुमार, परविंदर सिंह, यासिर कुरैशी, सीमा, पवनदीप कौर, राधिका बिष्ट, विरेन्द्र राय, सहित कई अन्य लोगों ने रक्तदान किया। शिविर में नारायण अस्पताल की डायरेक्टर मोनिका करनवीर, भारत विकास परिषद्, शाखा शहीद ऊधम सिंह के संरक्षक नितिन भल्ला, उप सचिव मुकेश अग्रवाल, उपाध्यक्ष (संस्कार) रवि सिडाना, रिचा गुगलानी, रोशनी खुग्गर, सपना मित्तल, सुनील ठुकराल, नितिन खंडेलवाल, गुरबाज सिंह चावला, अजय चड्डा,संदीप अग्रवाल, करणवीर सिंह देव, रमन अरोरा, शरद गर्ग, गौरव अरोरा, राजन राठौड़, निशांत ढल्ला, अजय लूथरा, अमित घई, पंकज मित्तल, सतीश खुग्गर, उज्जवल गगनेजा, राजन सिंह,देवेन्द्र पटेल, मुजीब, प्रदीप, निसार अहमद,गगनदीप सिंह, तौकीर अहमद, सोनिया सहित तमाम लोग मौजूद रहे।











# भाजपा शासन में भ्रष्टाचार व अपराधियों को मिल रहा संरक्षण: सुमित

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। भाजपा सरकार के शासनकाल में कानून व्यवस्था और नैतिकता की स्थिति लगातार गिरती जा रही है। हाल ही में रानीखेत विधायक के भाई का अवैध हथियारों के साथ पकड़ जाना और सरकार के कबीना मंत्री गणेश जोशी के खिलाफ विशेष सतर्कता न्यायाधीश द्वारा जांच के आदेश से भाजपा की वास्तविकता जनता के सामने आ गई है। ये घटनाएँ स्पष्ट रूप से दिखाती हैं कि भाजपा के शासन में न केवल भ्रष्टाचार और अपराधियों को संरक्षण मिल रहा है, बल्कि सत्ता में बैठे लोग खुद भी आपराधिक गतिविधियों में लिप्त हैं। यह घटनाएं प्रदेश और प्रदेशवासियों के लिए अत्यधिक चिंता का विषय हैं। यह बात विधायक सुमित हृदयेश ने भाजपा सरकार का पुतला फूंकने से पहले अपने संबोधन में कही। जिला महानगर कांग्रेस ने विधायक सुमित हृदयेश के नेतृत्व में प्रदेश की भाजपा सरकार का पुतला फूंका।विधायक सुमित हृदयेश ने कहा कि प्रदेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था और बढ़ता भ्रष्टाचार ही भाजपा का असली चेहरा है। भाजपा हमेशा अपने नेताओं की ईमानदारी और कानून के प्रति सम्मान की बातें करती रही है, लेकिन इन हालिया घटनाओं ने पार्टी की पोल खोल दी है।भाजपा के रानीखेत विधायक के भाई का अवैध हथियारों के साथ पकड़ा जाना इस बात का प्रमाण है कि भाजपा से जुड़े लोग खुद को कानून से ऊपर समझ रहे हैं। कबीना मंत्री गणेश जोशी के खिलाफ जांच के आदेश से यह सिद्ध होता है कि भाजपा के शीर्ष नेताओं पर भी भ्रष्टाचार और आपराधिक गतिविधियों के गंभीर आरोप हैं। महानगर अध्यक्ष एडवोकेट गोविंद सिंह बिष्ट ने कहा कि बीते कुछ महीनों में अपराध दर में बेतहाशा वृद्धि हुई है। जिससे जनता के जीवन पर गंभीर संकट उत्पन्न हो गया है। अपराधियों को राजनीतिक संरक्षण प्राप्त है। जिस कारण पुलिस और प्रशासन अपराध रोकने में असमर्थ साबित हो रहे हैं। वही भ्रष्टाचार प्रदेश में इस हद तक फैल चुका है कि सरकारी योजनाओं और सेवाओं का लाभ जनता तक पहुंचना कठिन हो गया है। जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल ने कहा कि प्रदेश में भाजपा सरकार के शासन के दौरान कानून व्यवस्था लगातार बिगड़ती जा रही है और भ्रष्टाचार अपने चरम पर पहुंच चुका है। हालिया घटनाओं ने यह स्पष्ट कर दिया है कि भाजपा शासन में अपराधियों और भ्रष्टाचारियों को खुली छूट दी जा रही है, जबकि आम जनता असुरक्षित और हताश महसूस कर रही है। पुतला फूंकने वालों में हेमन्त बगडवाल, प्रकाश पांडे, राजेन्द्र बिष्ट, योगेश जोशी, सौरभ भट्ट, राजू बिष्ट, सुहैल सिद्दीकी, नीमा भट्ट, शोभा बिष्ट, मीमांशा आर्य, कमला तिवारी, मंजू बिष्ट, जाकिर हुसैन, राजू सुयाल, त्रिलोक बनोली, विनोद कुमार, कृष्ण कुमार परगाई, कुंदन नेगी, गोविंद बगडवाल, कमलेश पांडे, रवि पांडे, धर्मवीर, प्रकाश पाठक, अमित रावत, तस्कीन अहमद, अरशद अली, मनोज श्रीवास्तव, शहंशाह, जगदीश भारती, गोविंद सिंह बिष्ट, अशोक जोशी, कमल मेहता, अरबाज खान, साद अली, गणेश टम्टा, लाल सिंह पवार, संजय जोशी, जीवन बिष्ट आदि उपस्थित रहे।



# ट्रेनिंग पूरी करके लौटी लेफ्टिनेंट काजल बेहड़ का किया स्वागत

गदरपुर (उद संवाददाता)।9 महीने की कठिन ट्रेनिंग पूरी करने के बाद अपने घर लौटी लेफ्टिनेंट काजल बेहड़ का क्षेत्रवासियों द्वारा धूमधाम से स्वागत पाया। इस मौके पर उनके माता-पिता की आंखों में गर्व और खुशी साफ झलक रही थी। काजल को सूबेदार सरदार सिंह जी ने सलामी दी। लेफ्टिनेंट काजल ने अपने संदेश में कहा कि बेटियां किसी भी तरह से बोझ नहीं होतीं, बल्कि वे अपने कर्मों से परिवार और देश का नाम रोशन करती हैं। उन्होंने यह भी कहा कि अगर युवाओं के अंदर सही दिशा में आगे बढ़ने का जज्बा हो, तो उन्हें ऊंचाइयों को छूने से कोई नहीं रोक सकता। उनके अनुसार, यही भारत का उज्ज्वल भविष्य सुनिश्चित करेगा। काजल ने अपनी सफलता के लिए अपने माता-पिता और गुरुजनों का आभार व्यक्त किया।



# ज्वैलर्स एसोसिएशन ने मोमबत्ती जलाकर किया विरोध

## हरिद्वार में हुई पांच करोड़ की डकैती का जल्द खुलासा करने की मांग

गदरपुर(उद संवाददाता)। प्रदेश में सर्राफा व्यापारियों पर हो रही लूट और डकैती के विरोध में रविवार शाम सर्राफा व्यापारियों ने अपनी दुकान बंद कर मोमबत्ती जलाकर प्रदर्शन किया और जल्द खुलासे की मांग की। बता दें कि हरिद्वार में बीते दिनों एक ज्वेलर्स की दुकान में बदमाशों ने करीब 5 करोड रुपए के गहनों को लूट लिया और फरार हो गए सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए जिसमें आरोपी दो वाहन एक बाइक और एक स्कूटी पर दिखाई दे रहे थे अभिषेक वर्मा ने बताया कि अभी तक पुलिस द्वारा मामले का खुलासा नहीं किया गया है जिसको लेकर रविवार शाम को ज्वेलर्स एसोसिएशन द्वारा शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन किया गया है। इस दौरान व्यापार मंडल अध्यक्ष दीपक बेहड भी उनका समर्थन किया और कहा कि जल्द प्रशासन को कार्यवाही करते हुए घटना का खुलासा करना चाहिए अभिषेक ने प्रशासन से अपील की जल्द से जल्द हरिद्वार में हुई लूट का खुलासा करें सर्राफा व्यापारियों की जान माल की सुरक्षा का प्रबंध करें साथ ही पीड़ित व्यापारी के करोड़ों के जेवर पूरा बरामद करवाने की भी मांग की। इस दौरान प्रदर्शन करने वालों में बलविंदर वर्मा काली, धर्मपाल वर्मा , खरेती लाल, मनमोहन वर्मा, प्रेम सचदेवा, राजेंद्र वर्मा, रमेश लाल ढल्ला, राजेश वर्मा,सुरेंद्र सचदेवा, रवि सचदेवा, शिव शंकर वर्मा,बलदेव मुन्ना वर्मा, प्रतीक वर्मा, शुभम वर्मा, अमरजीत सिंह, गुरुबख्श लाल वर्मा,बंटी वर्मा, वीरेंद्र रस्तोगी, गोपाल वर्मा,संदीप वर्मा आदि थे।



# डीपीएस क्रिकेट अकादमी बनी अंडर 14 जिला क्रिकेट लीग की चैंपियन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।क्रिकेट एसोसिएशन का उधम सिंह नगर के तत्वाधान में जिले में चल रही अंडर 14 जिला क्रिकेट लीग प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला मौर्य क्रिकेट अकादमी गदरपुर में डीपीएस क्रिकेट अकादमी और रुद्रा लायंस क्रिकेट अकादमी के मध्य खेला गया । डीपीएस क्रिकेट अकादमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 40 ओवरों में 5 विकेट खोकर 173 रन बनाएं। जिसमें कप्तान नीतीश पचौरी ने 86, सुजीत यादव ने 36, हर्षित कुमार ने 19 रनों का योगदान दिया। रुद्रा लॉयस की तरफ से अंकित कांडपाल ने 4, प्रतीक ने 1 विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी रुद्रा लॉयन्स क्रिकेट अकादमी 38 ओवर में 134 रनों पर ऑल आउट हो गई। जिसमें कप्तान कुनाल ने 39 ,अक्षत जोशी ने 23 और नीतीश भट्ट ने 10 रनों का योगदान दिया। डीपीएस अकादमी की तरफ से कप्तान निदीश पचौरी ने 3 विनायक ,सूरज यादव और दिव्यांश ने 2-2 विकेट लिए। यह मैच डीपीएस क्रिकेट अकादमी ने रुद्रा लॉयन्स क्रिकेट अकादमी को 39 रनों से हराकर अंडर 14 जिला क्रिकेट लीग प्रतियोगिता की चौंपियन बनी ।इस मैच के मैन ऑफ द मैच निदिश पचौरी रहे। टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी डीपीएस क्रिकेट अकादमी के नीदीश पचौरी रहे ।पुरस्कार वितरण के लिए मुख्य अतिथि के रूप में क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उधम सिंह नगर के जिला अध्यक्ष अजय तिवारी जी द्वारा विजेता और उपविजेता टीम को पुरस्कार वितरण किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि आनंद मौर्य, नूर आलम, गौरव तिवारी, विवेक सिंह, नवीन टम्टा, रितिक सिंह, कुणाल ,सत्येंद्र मिश्रा, बलवंत सिंह और तमाम अभिभावक मौजूद रहे।



## उत्तरांचल दर्पण
## सम्पादकीय
सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# ड्रोन और राकेट से हमले

मणिपुर का संघर्ष अब गृहयुद्ध जैसी स्थिति में पहुंच चुका है। वहां के मैतेई और कुकी समुदायों के कथित आतंकी संगठन न केवल लक्षित हिंसा, बल्कि अत्याधुनिक तकनीक और उपकरणों का उपयोग करने लगे हैं। पिछले हफ्ते हुए दो हमलों में ड्रोन और राकेट का उपयोग किया गया। इंफल पश्चिम में ड्रोन से बम गिरा कर तीन लोगों की हत्या कर दी गई थी। विष्णुपुर में एक व्यक्ति के घर में घुस कर उसकी हत्या कर दी गई। उसके बाद दोनों गुटों में जम कर गोलीबारी हुई। राकेट से गोले दागे गए, जिसमें चार लोग मारे गए और दो भवन ध्वस्त हो गए। इस घटना के बाद वहां के मुख्यमंत्री ने वही अपना रटा-रटाया बयान दे दिया कि हिंसा करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। यह बात समझ से परे है कि एक राज्य में हिंसा होते सवा साल से ऊपर हो गए, मगर सरकार हाथ पर हाथ धरे बैठी दिखती है। आखिर कोई भी जिम्मेदार सरकार कैसे इस तरह अपने नागरिकों को आपस में लड़-भिड़ कर मरते, विस्थापित होते और बुनियादी सुविधाओं तक से वंचित रहते देख सकती है। ऐसा कैसे संभव हो सका कि मणिपुर के उग्रवादी संगठन इतने ताकतवर होते गए कि उनके पास अत्याधुनिक हथियार पहुंचने लगे और सरकार उन पर रोक लगाने में विफल साबित होती रही। इंफल पश्चिम की घटना के बाद मुख्यमंत्री ने संकल्प लिया था कि वे किसी भी चरमपंथी संगठन को राष्ट्रविरोधी और कट्टरपंथी गतिविधियां नहीं करने देंगे। इसके पहले हर घटना के बाद वे दोहराते रहे हैं कि हिंसा को रोकने के लिए सरकार हर संभव कदम उठा रही है। मगर उनके उठाए कदमों के नतीजे प्रकट रूप में तो किसी को नजर नहीं आ रहे। यह नहीं माना जा सकता कि सरकार को उन इलाकों की पहचान नहीं है, जहां चरमपंथी संगठन अधिक सक्रिय हैं। फिर वह उन इलाकों में निगरानी और सख्ती क्यों नहीं बढ़ा पाती। विष्णुपुर में सबसे अधिक हिंसा हो रही है। फिर सरकार ने वहां क्यों सुरक्षाबलों की तैनाती नहीं बढ़ाई। क्यों वहां चरमपंथी संगठन एक-दूसरे पर गोलीबारी शुरू कर देते हैं। अगर उनके खिलाफ सख्ती बरती गई होती, तो उनमें इतना साहस नहीं पैदा होता कि वे राकेट से गोले दागें। मणिपुर की हिंसा को लेकर दुनिया भर में देश की किरकिरी हो चुकी है, इसके बावजूद अगर सरकार इस पर काबू पाने का प्रयास करती नहीं दिख रही, तो स्वाभाविक ही उसकी मंशा पर सवाल खड़े होते हैं। सवाल यह भी बना हुआ है कि आखिर मणिपुर पर केंद्र सरकार की चुप्पी का राज क्या है। अगर वहां के मुख्यमंत्री हिंसा रोक पाने में अक्षम हैं, तो उन्हें बदल देने में उसे संकोच क्यों होना चाहिए। चुनावी रणनीति के तहत भाजपा कई राज्यों में कई बार अपने मुख्यमंत्री बदल चुकी है, फिर मणिपुर के मुख्यमंत्री से इतना मोह क्यों। मणिपुर की हिंसा को लेकर प्रधानमंत्री तक पर सवाल उठते रहे हैं कि आखिर वे चुप क्यों हैं। वे रूस-यूक्रेन युद्ध रुकवाने को सक्रिय हो सकते हैं, तो मणिपुर की हिंसा को लेकर कोई पहल क्यों नहीं करते। मणिपुर पर चुप्पी और शिथिलता न केवल उस राज्य की तबाही के लिए जिम्मेदार साबित हो रही है, बल्कि भविष्य में इससे बड़े खतरे पैदा होने की आशंका भी गहरी होती है। इस तरह चरमपंथी गतिविधियों पर ढिलाई पूरे देश के लिए खतरनाक साबित हो सकती है।

# 500 रुपए के रामपुरी चाकू से सगे भाई का कत्ल

## हत्यारोपी भाई को कोई पछतावा नहीं, पुलिस ने भेजा जेल

सितारगंज (उद संवाददाता)। घरेलू प्रॉपर्टी विवाद में हत्यारे बड़े भाई ने छोटे भाई का कत्ल करने के लिए रामपुर से लगभग 500 का चाकू खरीदा था। इसके बाद उसने रविवार को दुकान में घुसकर छोटे भाई गुरिंदर सिंह पाल की गर्दन में वार कर हत्या कर दी। पुलिस ने कुछ ही क्षण में हत्यारे को गिरफ्तार कर लिया। प्रॉपर्टी के लिए बहे रिश्तों के खून को लेकर चर्चाएं बढ़ी तो आरोपी से छोटे भाई के कत्ल के संबंध में पश्चतावा के बारे में पुलिस से जानकारी ली। लेकिन हत्यारे ने हत्याकांड पर कोई भी अफसोस नहीं जताया। पुलिस ने हत्यारे को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पारिवारिक विवाद और प्रॉपर्टी का बंटवारा दो भाइयों के बीच मौत की वजह बनकर एक बार फिर सामने आया है। जिसमें बड़े भाई ने जब छोटे भाई गुरविंदर पाल सिंह को चाकू से बार कर मौत के घाट उतारा दिया। तब से लेकर अब तक क्षेत्र में भाइयों के रिश्ते को लेकर तरह तरह की चर्चाएं हैं। ऐसा इसलिए की समाज के हर वर्ग में बचपन में बड़ा भाई छोटे भाई की ढाल होता हैं। छोटे भाई की देखभाल करता हैं। इन हालातो के बीच बड़े भाई ने छोटे भाई पर किस तरह खंजर से हमला किया। नफरत के बीच गुस्से ने रिश्तों का खून कर दिया। हत्यारे बड़े भाई को इस हत्याकांड पर कोई अफसोस है। पुलिस हिरासत में



मौजूद हत्यारे भाई के बारे में जब जिम्मेदारों से जानकारी ली, तब उन्होंने बताया कि अभी तक की पूछताछ में हत्यारे बड़े भाई ने छोटे भाई को मौत के घाट उतारने के बाद किसी तरह का अफसोस नहीं किया हैं। पुलिस के इस सवाल पर हत्यारे ने खुद को सही साबित करने के लिए पूर्व से चले आ रहे पारिवारिक विवाद, प्रॉपर्टी तीन भाइयों के रिश्तों में अलगाव, दूरी को वजह बताया। हालांकि पुलिस ने मृतक गुरिंदर पाल सिंह की पत्नी कवल जीत कौर की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर आरोपित कुलदीप सिंह पुत्र मेहर निवासी फरीदकोट पंजाब को गिरफ्तार कर लिया। कस्बा इंचार्ज इंदर सिंह ढीला ने बताया कि आरोपित को न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# केदारनाथ उपचुनाव के लिए कांग्रेस और भाजपा ने कसी कमर

देहरादून(उद संवाददाता)। केदारनाथ उपचुनाव के लिए कांग्रेस ने कमर कस ली है। उपचुनाव के लिए जल्द मंडल व ब्लाक स्तर पर पार्टी की ओर से प्रभारी और पर्यवेक्षक नियुक्त किए जाएंगे। जिसमें पार्टी वरिष्ठ नेताओं, विधायकों, पूर्व विधायकों व पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी जाएगी।प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से प्रभारियों व पर्यवेक्षकों की सूची तैयार की जा रही है, जिसमें अंतिम निर्णय समन्वय समिति की बैठक में लिया जाएगा। बदरीनाथ और मंगलौर उपचुनाव में मिली जीत से कांग्रेस उत्साहित है। अब कांग्रेस का अगला मिशन केदारनाथ विधानसभा को फतह करने का होगा। इसके लिए पार्टी ने चुनावी रणनीति बनानी शुरू कर दी है। कांग्रेस की ओर से जहां आपदा से प्रभावितों की समस्याओं को मुद्दा बनाया जा रहा है। वहीं, केदारनाथ प्रतिष्ठा रक्षा यात्रा से भी पार्टी के पक्ष में एक माहौल बनाया जा रहा है। पिछले दिनों प्रदेश कांग्रेस समन्वय समिति की पहली वर्चुअल बैठक में उपचुनाव के साथ निकाय व पंचायत चुनाव के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। कांग्रेस शीघ्र ही मंडल से लेकर ब्लाक स्तर पर प्रभारी और पर्यवेक्षक नियुक्त करेगी। जो बूथ स्तर तक पार्टी को मजबूत करने और कार्यकर्ताओं में समन्वय बनाने का काम करेंगे। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने कहा कि केदारनाथ उपचुनाव के लिए पार्टी की तैयारियां पहले से चल रही हैं। मंडल व ब्लाक स्तर पर प्रभारियों व पर्यवेक्षकों की नियुक्ति शीघ्र की जाएगी। 10 सितंबर को प्रदेश कांग्रेस समन्वय समिति की बैठक में निर्णय लिया जाएगा।

### केदारनाथ विधानसभा सीट पर भाजपा की स्थिति मजबूत

देहरादून। लोकसभा चुनाव में भाजपा को केदारनाथ सीट पर 30,536 वोट प्राप्त हुए थे, जो 2022 में कुल प्राप्त 21,866 वोटों से अधिक हैं। इस लिहाज से इस सीट पर लोस में कांग्रेस को 20,164 वोट प्राप्त हुए। कांग्रेस ने भी विस में प्राप्त 12,557 वोटों की तुलना में अपने वोटों में खासा इजाफा किया। इस सीट पर 13,423 वोट निर्दलीय कुलदीप रावत को मिले थे, जो अब भाजपा में हैं। बदरीनाथ उपचुनाव में जीत दर्ज करने के बाद से कांग्रेस खासी उत्साहित है, इसलिए पीसीसी से लेकर एआईसीसी तक का केदारनाथ चुनाव पर फोकस है। पार्टी इस उपचुनाव में माहौल बनाने के लिए फिर से यात्रा शुरू करने की तैयारी में है।

केदारनाथ उपचुनाव में भाजपा को हार का डर सता रहा, जिससे भाजपा ने पांच मंत्रियों को केदारनाथ विस में जिम्मेदारी सौंपी है। वहीं भाजपा भी इस सीट पर कोई कोर कसर नहीं छोड़ना चाहती। उसका तर्क है कि बदरीनाथ सीट उसके कब्जे वाली नहीं थी, लेकिन केदारनाथ पर पहले से उसका कब्जा है। पार्टी संगठन और सरकार के स्तर पर हर जोर कोशिश करेगी। इसके लिए सरकार के पांच मंत्रियों सतपाल महाराज, सुबोध उनियाल, गणेश जोशी, सौरभ बहुगुणा और रेखा आर्य को मैदान में उतार दिया गया है। आचार संहिता लागू होने से पहले उन्हें पार्टी पदाधिकारियों के साथ मिलकर मंडल स्तर पर स्थानीय लोगों की समस्याओं का समाधान करना है और उन्हें पार्टी के पक्ष में वोट करने के लिए प्रेरित करना है। उधर संगठन ने भी सरकार के पांच प्रमुख मंत्रियों को केदारनाथ विधानसभा के प्रत्येक मंडल की जिम्मेदारी सौंपी है। पार्टी के प्रमुख पदाधिकारियों के साथ मिलकर सरकार के मंत्रियों की जल्द मोर्चे पर उतरने की तैयारी है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट कहते हैं, जिम्मेदारी देने के बाद अब मंत्री मोर्चे पर उतर जाएंगे। वे जल्द ही मंडल स्तर पर जन संवाद और बैठकें शुरू करेंगे। वे प्रदेश में चल रहे सदस्यता अभियान से लोगों को जोड़ेंगे।भट्ट ने प्रत्येक विधायक को उसी विधानसभा में लोकसभा चुनाव में मिले कुल प्राप्त वोटों को सदस्यता में तब्दील करने का भी टॉस्क दिया है। शैलारानी रावत के निधन के बाद केदारनाथ सीट खाली है, इसलिए इस सीट पर वोटों को सदस्यता में बदलने का जिम्मा मंत्रियों से लेकर पार्टी पदाधिकारियों के कंधे पर है।

# जो आरोप मुझ पर लगते हैं, उससे मुझे होता है बड़ा फायदा !

## मीडिया के सामने आये गणेश जोशी: मैने सोलह साल की पूरी आय का विवरण भी मुख्यमंत्री को भेज दिया

देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखंड की धामी सरकार में कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी आय से अधिक संपत्ति केस की जांच को लेकर मीडिया के सामने आये है। उन्होंने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए बताया कि जो अरोप लगाये जो रहे हैं उसमें पिछले 16 साल में मेरे बेटे, मेरी बेटी और मेरे दामाद की संपत्ति को जोड़कर लगाये जा रहे थे। अब मैने पूरी आर्य का विवरण भी मुख्यमंत्री को भेज दिया है। वहीं पहली बार इस मामले पर सरकार के मुखिया मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का बयान आया है। सीएम धामी ने कहा कि उनकी सरकार पारदर्शी और भ्रष्टाचार मुक्त है। ऐसे में किसी ने भी कोई भी चीज की है तो उसकी जांच होगी। और जांच में दूध का दूध और पानी का पानी हो जायेगा। रविवार को आय से अधिक संपत्ति मामले में घिरे उत्तराखंड के कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी का बयान पहली बार सामने आया है। मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि इसका पूरा विवरण उन्होंने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को दे दिया है और इससे उन्हें बड़ा फायदा होने वाला है। गणेश जोशी ने कई उदाहरण देते हुए अपने बयान को सही साबित करने की कोशिश की। आय से अधिक संपत्ति मामले में गणेश जोशी से जब सवाल पूछा गया तो उन्होंने कहा कि जो आरोप मुझ पर लगते हैं, उससे मुझे बड़ा फायदा होता है। 2016 में तत्कालीन हरीश रावत सरकार में मुझे शक्तिमान घोड़ा प्रकरण में फंसाया गया। इसका फायदा यह हुआ कि मेरी बेटी राष्ट्रीय नेता बन गई। जिसमें मैं हरीश रावत का बड़ा योगदान मानता हूं। उस समय मेरी बेटी



यानी नेहा जोशी अगर सड़कों पर नहीं उतरती, तो उसको आज कोई नहीं पहचानता। कोविड के समय जब मैं राशन बांट रहा था, उस दौरान विपक्ष के नेता यह आरोप लगा रहे थे कि ऑक्सीमीटर कहीं नहीं मिल रहे हैं। आप कहां से बांट रहे हैं? गणेश जोशी आगे कहते हैं कि मैंने विपक्ष के नेताओं को कहा कि मैं चोरी करके ला रहा हूं। जिसका फायदा मुझे यह हुआ कि 2022 के विधानसभा चुनाव में मैंने पिछले चुनाव से ज्यादा वोटों से जीत हासिल की। गणेश जोशी ने कहा कि अब जो मुझ पर आय से अधिक संपत्ति का आरोप लग रहा है, उसमें मेरे दामाद और बेटी की संपत्ति को जोड़ा गया गया। जबकि वो मुझसे अलग रहते हैं। मेरे दामाद की अच्छी खासी सैलरी है। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि यदि मुझ पर आरोप लगाते तो ठीक-ठाक लगाते। गणेश जोशी आगे कहा कि इसका विवरण उन्होंने मुख्यमंत्री को दे दिया है, जिसका उन्हें बड़ा फायदा होने वाला है। गौरतलब है कि कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने 2022 के विधानसभा चुनाव में जो हलफनामा दिया था, उसके मुताबिक उनकी आय से अधिक संपत्ति है। इसका खुलासा आरटीआई एक्टिविस्ट, सामाजिक कार्यकर्ता और अधिवक्ता विकेश नेगी ने किया। इसके बाद इस पूरे मामले में मंत्री गणेश जोशी घिरते नजर आए। मामले में सोशल मीडिया पर प्रदेश वासियों की भी कड़ी प्रतिक्रियाएं आईं। कई यूजरों ने लिखा कि मंत्रियों की आय में दिन दूनी और रात चौगुनी हो रही है। जबकि प्रदेश में बेरोजगारी दर बढ़ते जा रही है। इसी तरह सैकड़ों प्रतिक्रियाएं सोशल मीडिया पर देखने को मिलीं, जिससे सरकार और संगठन की भी खूब किरकिरी हुई। इससे पहले भी कथित उद्यान घोटाले और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी योजना सैन्य धाम के निर्माण में कथित भ्रष्टाचार या फिर किसान सम्मान निधि की बंदर बांट में भी मंत्री गणेश जोशी विवादों में रहे हैं। ऐसे में बड़ा सवाल यह है कि इतने विवादों के बाद अब मंत्री गणेश जोशी को कौन सा बड़ा फायदा होने वाला है।

# कांग्रेस फिर हमलावर, सीएम के लिए ये परीक्षा की घड़ी

देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखंड सरकार के कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी आय से अधिक संपत्ति के मामले



को लेकर फिर से सुर्खियों में हैं। हालांकि अभी कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी के खिलाफ विजिलेंस ने कोई भी मुकदमा दर्ज नहीं किया है। गणेश जोशी पर मुकदमा दर्ज करने के लिए विजिलेंस को धामी कैबिनेट की मंजूरी का इंतजार है, जिस पर धामी कैबिनेट को आठ अक्टूबर से पहले फैसला लेना है। लेकिन इस मुद्दे को लेकर प्रदेश में राजनीति चरम पर पहुंच गई है। विपक्ष के आरोपों के बीच इस मामले पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का बयान भी आया है। जबकि अब कांग्रेस एक बार फिर कैबिनेट मंत्री की कार्यप्रणाली पर हमलावर हो गई है। कांग्रेस की मुख्य प्रवक्ता गरिमा दसौनी ने आय से अधिक संपत्ति के केस में जांच से घिरे कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी के बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि सीबीआई और विजिलेंस की जांच से घिरे भाजपा नेता अब बचकानी बयाबाजी कर रहे है। दसौनी ने कहा कि कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी से कांग्रेस को कोई मतलब नहीं है। हमे आपसे मतलब है न आपकी बेटी से मतलब है हमे राजनीतिक सुचिता से मतलब है। जो शक्तिमान घोड़े का हद्र आपने किया वह पूरे उत्तराखंड ने देखा है अब तक जितने भी भ्रष्टाचार के आरोप लगते रहे है उसके जो प्रमाण और सबूत है वह पुख्ता है चाहे वह उद्यान घेटाला हो जिसमें सीबीआई करोड़ों के बंदरबांट की जांच कर रही है। सैन्य धाम के निर्माण में करोड़ों के भ्रष्टचार का खुलासा एक थर्ड पर्सन व्यक्ति ने आरटीआई के माध्यम से खुलासा किया था। अब विजिलेंस विभाग खुद आपकी आय से अधिक संपत्ति की जांच के लिए कैबिनेट से अनुमति मांग रहा है। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि गणेश जोशी हर आरोप का ठीकरा कांग्रेस पर फोड़ रहे हैं। जबकि उनकी बेटी को भाजपा ने हासिये पर डाल दिया है। बता दें कि वकील विकेश नेगी ने कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी पर आय से अधिक संपत्ति का आरोप लगाया है। इस मामले में उन्होंने विजिलेंस कोर्ट में याचिका भी दायर की थी और गणेश जोशी पर मुकदमा दर्ज करने की मांग की थी, जिस पर कोर्ट ने विजिलेंस से जवाब मांगा। विजिलेंस ने अपने जबाव में बताया कि उन्हें मुकदमा दर्ज करने के लिए उत्तराखंड की कैबिनेट का इंतजार है। तभी से ये मामला सुर्खियों में है। वहीं कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करण माहरा ने कहा कि गणेश जोशी का विवादों से लंबा नाता रहा है। पहले भी वो सीबीआई के मामले में सुप्रीम कोर्ट की फटकार सुन चुके हैं। अब आय से अधिक संपत्ति के मामले में उनकी जांच होनी है। ऐसे में विपक्ष चाहता है कि सीएम खुद मामले का संज्ञान लेकर जांच बैठाएं। साथ ही सवाल उठाते हुए कहा कि सीएम के लिए ये परीक्षा की घड़ी है कि मंत्री जोशी को पद से त्यागपत्र दिलाते हुए इस प्रकरण की जांच बैठाते हैं या नहीं? वहीं, इसी मसले पर पूर्व सीएम और हरिद्वार सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत ने सरकार को गीता का ज्ञान दिया। त्रिवेंद्र सिंह रावत ने कहा कि अब ये सरकार को देखना है कि इसकी सच्चाई क्या है? धर्म युद्ध वो है, जिसमें अपना- पराया छोड़कर न्याय के रास्ते को अपनाया जाए, वो ही धर्म है। ऐसे में अगर हम चाहते हैं कि धर्म का राज हो तो उसके लिए बहुत जरूरी है कि हमारा आचरण भी धर्मानुकूल होना चाहिए।

# भगत दा के पैतृक गांव में भूस्खलन का खतरा, सड़क खस्ताहाल

## नामटी चेटाबागड़ के ग्रामीणों ने सरकार और जिला प्रशासन से की सुध लेने की मांग


धरमघर(उद संवाददाता)। दो जिलों के समीप सीमावर्ती क्षेत्र में बसे नामटी चेटाबागड़ गांव में बार–बार हो रहे भूस्खलन से लगभग 30 परिवारों के घर खतरेकी जद में हैं, जिनमें पूर्व मुख्यमंत्री और महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी का पैतृक निवास भी शामिल है। गुन्ठी गधेरे से गांव के सामने ऊपरी भाग से लगातार भूस्खलन सें बड़े पैमाने पर भूमि खिसक रही है, जिससे प्राकृतिक जल प्रवाह बाधित हो रहा है और मलबा आवासीय क्षेत्रों की ओर बढ़ रहा है। भूस्खलन ने कई घरों में गंभीर दरारें पैदा कर दी हैं, जिनमें पूर्व मुख्यमंत्री और महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी का पैतृक घर भी शामिल है, जहां आंगन खतरनाक रूप से झुकने लगा है। गांव के निवासी पान सिंह कोश्यारी, मोहन राम व नारायण सिंह फकीरा दत्त पाठक, बलवंत सिंह कोश्यारी,सहित गूंठी गांव खतरे की जद में आ गया है।ग्रामीणों ने खराब होती स्थिति पर अपनी चिंता व्यक्त की। कई दिनों से भूस्खलन के कारण गांव की सड़कें अवरुद्ध हैं। 35 बच्चों वाला



प्राथमिक विद्यालय भी खतरे में है। यदि भूस्खलन जारी रहता है, तो पूरे क्षेत्र को खतरा होगा,,ग्रामीण नारायण सिंह रावत ने कहा कि लगभग 2,000 लोगों की आबादी वाला गांव, जो विभिन्न छोटे बस्तियों में फैला हुआ है,जिनमें नामतीचेताबगड, मानसून में वर्षाकाल में अक्सर चुनौतियों का सामना करता है। इस साल की स्थिति भयावह होती जा रही है, जिसमें जलापूर्ति योजनाएं नष्ट हो गई हैं और सड़कें लंबे समय तक बंद हैं। रामगंगा पुल के टूटने के बाद कई पुल भी असुरक्षित घोषित किए गए हैं। स्थानीय लोगों द्वारा अधिकारियों को बार–बार शिकायतों के बावजूद तत्काल

> " यह मेरे संज्ञान में है। रेतीली जमीन होने के कारण यहां पर भूस्खलन हो रहा है। क्षेत्रीय विधायक व प्रदेश सरकार इस पर नजर बनाए है व प्रशासन के संपर्क मे हैं।वही मामले में मुख्यमंत्री से वार्ता कर जल्द क्षेत्र में आपदा से हुए नुकसान की भरपाई के प्रयास किए जाएंगे।
> **( भगत सिंह कोश्यारी, पूर्व सीएम और पूर्व राज्यपाल महाराष्ट्र )**

कोई कार्रवाई नहीं की गई है। अधिकारियों को कई बार सूचित किया है, लेकिन स्थिति को नियंत्रित करने के लिए कोई प्रभावी उपाय नहीं किए गए हैं,। वही ग्रामीणों और क्षेत्र वासियों ने पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यपाल का पैतृक गांव होने के नाते प्रदेश सरकार में प्रमुख अहौदा रखने वाले पूर्व मुख्यमंत्री और गवर्नर से गांव और आसपास हो रहे आपदा के नुकसान के लिए तत्काल प्रभावी उपाय अपनाने और ग्रामीणों की जानमाल की सुरक्षा और प्रभावितों को मुवावजा सहित क्षेत्र की समस्याओं का निराकरण करने की अपील की है।वही भूस्खलन से क्षेत्र के लिए मूलभूत सुविधाओं का अभाव हो गया है, ग्रामीणों को सड़क के जगह जगह टूटने क्षतिग्रस्त होने से कई किमी पैदल यात्रा करनी पड़ रही है। जबकि ग्रामीणों को पूर्व मुख्यमंत्री के गांव में आ रही आपदा के बाद सतर्कता से तत्काल आपदा से हुए नुकसान के लिए प्रभावी उपाय होने की संभावना थी, परंतु अब तक कोई ठोस पहल नही होने से ग्रामीणों में सरकार और जिला प्रशासन के प्रति रोष है।एक ग्रामीण के मुताबिक भूस्खलन क्षेत्र का आकलन करने के लिए सुनील दत्त के नेतृत्व में एक भूवैज्ञानिकों की टीम भेजी गई है। "हमारी टीम ने साइट का दौरा किया है और लगातार फिसलन देखी है, जिससे क्षेत्र का उपचार चुनौतीपूर्ण हो गया है। अभी के लिए, घर अभी भी खड़े हैं, लेकिन जोखिम बहुत अधिक है, दत्त ने कहा। कपकोट एसडीएम अनुराग आर्य ने पुष्टि की कि प्रशासन भूस्खलन की सक्रिय रूप से जांच कर रहा है। "टीम ने अपना निरीक्षण पूरा कर लिया है, और हम रिपोर्ट की प्रतीक्षा कर



रहे हैं। एक बार जब हमें निष्कर्ष मिल जाएंगे, तो उचित कार्रवाई की जाएगी। जनपद के नामतीचेटाबगड़ गांव में भूस्खलन होने व पूर्व राज्यपाल व पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोष्यारी के पैतृक गांव में भूस्खलन से प्रशासन सतर्क हो गया है। इस संबंध में विधायक व प्रदेश सरकार भी गंभीर हो गई है। प्रशासन ने आनन फानन में टीम भेजकर रिपोर्ट मंगाई है ताकि आवश्यक कार्रवाई हो सके।

## प्रशासन की टीम ने चलाया खाली भूखंडों पर निरीक्षण का अभियान

रामनगर (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी वंदना सिंह के निर्देश पर रविवार की देर शाम एसडीएम राहुल शाह एवं पुलिस प्रशासन ने संयुक्त रूप से नगर में खाली पड़े भूखंडों का निरीक्षण करने के साथ ही ठेले एवं ढावों पर अवैध रूप से शराब पिलाने के खिलाफ अभियान चलाते हुए एक दर्जन से अधिक लोगों का चालान कर उनसे जुर्माना वसूलने की कार्रवाई की। एसडीएम राहुल शाह ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में टीम द्वारा नगर में कुछ खाली भूखंडों का निरीक्षण किया गया जिसमें जहां–जहां पर स्ट्रीट लाइट लगाने एवं सफाई व्यवस्था दृष्टि के जाने को लेकर संबंधित विभाग को निर्देशित करने के



साथ ही खाली पड़े निजी भूखंडों के स्वामियों को भी अपने खाली भूखंडों पर तारवाड़ करने के साथ ही लाइट एवं सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि खाली भूखंडों में लगातार अपराधिक गतिविधियों के साथ ही कई शिकायतें है मिल रही थी जिनको रोकने के लिए यह कार्रवाई की गई है। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि नगर में कुछ स्थानों पर ठेलों एवं ढावों पर अवैध रूप से जो लोग शराब पिला रहे थे उनके खिलाफ अभियान चला कर चालन करते हुए उनसे जुर्माना वसूलने की कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया प्रशासन का यह अभियान लगातार जारी रहेगा।


### सूचना सम्बंध विच्छेद

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा ज्येष्ठ पुत्र विक्की रावत गलत संगत में पड़ गया है और बुरी आदतों का शिकार हो गया है। काफी समझाने के बाद भी वह मनमानी करता है और आये दिन लड़ाई झगड़ा और मारपीट करता है। उसकी गलत आदतों से दुखी और परेशान होकर मैंने विक्की रावत से सारे रिश्ते नाते समाप्त कर लिये हैं और उसे अपनी समस्त चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में विक्की रातव अपने हर अच्छे बुरे कार्य और लेन देन आदि के लिए स्वयं जिम्मेवार होगा।

मोहन सिंह रावत पुत्र नंदन सिंह रावत,
निवासी मकान नं0–16, वाटिका विहार,
बिगवाड़ा, रूद्रपुर, उधम सिंह नगर


## डीएम ने किया इंडोर स्टेडियम और वृद्धाश्रम का निरीक्षण

बागेश्वर(उद संवाददाता)।नवागत जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने रविवार को जिला मुख्यालय पर स्थित इंडोर स्टेडियम में आवश्यक व्यवस्थाओं और सुविधाओं का निरीक्षण कर जायजा लिया तथा उपस्थित अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने इंडोर स्टेडियम परिसर की सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। खेलों को बढ़ावा देने और प्रतिभावान युवाओं के हुनर को निखारने के लिए आवश्यक सुविधाओं को और बेहतर बनाने पर बल दिया। जिलाधिकारी ने खिलाड़ियों की फिटनेस के लिए बनाए गए जिम और वहां स्थापित उपकरणों का भी निरीक्षण किया और जिला क्रीड़ा अधिकारी को निर्देशित किया कि खेल और जिम के साथ–साथ खिलाड़ियों को योगा भी सिखाया जाए। योग करने से जहां स्वास्थ्य ठीक रहता है वहीं मानसिक तनाव भी कम होता है। जिलाधिकारी ने इंडोर स्टेडियम में योग सेंटर की स्थापना के लिए आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश



जिला खेल अधिकारी को दिए। उसके उपरांत जिलाधिकारी ने वृद्धाश्रम का भी निरीक्षण किया। वृद्धजनों से बात कर मिलने वाली सुविधाओं और घर के हालात की जानकारी ली और वृद्धजनों को फलाहार वितरित किए। इस दौरान जिलाधिकारी राजकीय बालिका आश्रम पद्धति में अध्ययनरत बालिकाओं से भी मिले। जिलाधिकारी ने बालिकाओं से दुलार करते हुए उन्हें फल एवं चाकलेट बांटी। जिलाधिकारी ने जिला समाज कल्याण अधिकारी हेम तिवारी को निर्देश देते हुए कहा कि बालिका आश्रम पद्धति विद्यालय में बालिकाओं के सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जारी गाइडलाइन का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। विद्यालय में तैनात सभी महिला कार्मिकों को हमेशा अलर्ट मोड रहने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने हिदायत देते हुए कहा कि बालिकाओं की सुरक्षा,सेफ्टी और सिक्योरिटी के प्रति कतई भी लापरवाही और गलती क्षम्य नही होगी। बालिकाओं को गुणवत्तापूर्ण भोजन देने के साथ ही किचन के बाहर प्रत्येक दिन बनने वाले भोजन का मैन्युकार्ड चस्पा करने के निर्देश दिए। इस दौरान जिलाधिकारी ने वृद्धाश्रम के निकट नशा मुक्ति केंद्र निर्माण के लिए प्रस्तावित भूमि का भी निरीक्षण किया। तथा जिला समाज कल्याण अधिकारी को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम अनुराग आर्या,जिला क्रीड़ा अधिकारी गुंजनबाला, जिला समाज कल्याण अधिकारी हेम तिवारी, तहसीलदार दलीप सिंह जिला सूचना अधिकारी सुरेश कुमार आदि मौजूद थे।

## भव्य कलश यात्रा के साथ नन्दा सुनन्दा पूजा शुरू

कपकोट (उद संवाददाता)। तहसील मुख्यालय की ग्राम पंचायत कपकोट में रविवार से नंदा सुनंदा (स्यौपाती) पूजा शुरू हो गई हैस।शुभारम्भ पर महिलाओं रंगोली ओढ़कर गाजे बाजे के साथ भव्य कलश यात्रा निकालीस यात्रा में श्रद्धालुजन भगवती माता, काशिल बूबू और लाटू बूबू के जयकारा कर रहे थे। 10सितम्बर की रात जागरण और दूसरे दिन नंदा मंदिर में मेला और भंडारे के बाद पूजा संपन्न होगी। रविवार सुबह बड़ी संख्या में महिलाएं और श्रद्धालु भगवती मंदिर में एकत्रित हुए। इसके बाद वह गाजे बाजे के साथ सरयू तट पर पहुंचे।सरयू आरती, देव डांगरों के स्नान और पूजा के काम आने वाले बर्तनों की साफ सफाई के बाद महिलाओं ने तांबे के बर्तनों में मां सरयू का पावन जल भरा। इसके बाद मां के जयकारा करते हुए कलशयात्रा मंदिर तक पहुंची। उन्होंने कलशों में भरे पवित्र जल का मंदिर परिसर में छिड़काव किया। मंदिर में पूरे विधि विधान से पंचांगी कार्य हुआ। अपरान्ह करीब दो बजे महाआरती के दौरान देव डंगरों ने अवतरित होकर भंडारे के काम आने वाले अनाज को भरा और लोगों को आशीर्बाद दिया। कमेटी अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र कपकोटी ने बताया कल और परसों नंदा और मंदिर में हवन होंगेस सुबह शाम और रात्रि में महा आरती होगी।10 सितम्बर को पोथिंग गांव से आने वाले भगवती माता और लाटू देवता के डंगरियों का पुल बाजार पहुंचने पर उनका भव्य स्वागत होगास इसके बाद उनकी मंदिर तक भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। उन्होंने सभी से पूजा और मेले में बढ़ चढ़कर शामिल होने की अपील की हैस कलशयात्रा में ग्राम प्रधान सीता कपकोटी , बीडीसी सदस्य विमला कपकोटी, विधायक सुरेश गढ़िया, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष हरीश ऐठानी, निवर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष गोविन्द बिष्ट, पूर्व प्रधान गणेश चंद्र उपाध्याय, आदि शामिल थेस पुजारी भूपाल कपकोटी ने सभी भक्तों को प्रसाद बांटा।

## पेज एक का शेष...

**सरकार के खिलाफ गरजे...**खिलाफ आक्रोश व्यक्त करते कहा कि सत्ता की हनक में लगातार भाजपा नेताओं द्वारा बहु बेटियों के साथ दुष्कर्म करने के मामले उजागर हो रहे हैं। ऐसे नेताओं के खिलाफ एक तरफ करवाई की बात दूसरी तरफ से गोपनीय रूप से संरक्षण देने के प्रयास किये जा रहे हैं। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि प्रदेश में पुलिस प्रशासन की भी नेताओं के साठ गांठ से प्रदेश में अवैध वसूली और खुलेआम अवैध खनन, शराब माफियाओ और विभिन्न तरीकों से अवैध वसूली का धंधा जोरों पर है, किसी भी प्रकार की गलती नियमानुसार होने पर शिकायत पर अधिकारियों द्वारा कोई संज्ञान नही लिया जाता है जबकि जांच के बावजूद ऐसे अधिकारोयो को संरक्षण देने से भाजपा राज में भ्रस्टाचार का बोलबाला चरम पर है, जनता में सरकार की नीतियों और बढ़ते भ्रस्टाचार के प्रति आक्रोश है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता आगामी विधानसभा उपचुनाव, निकाय और पंचायती चुनाव में सरकार को सबक सिखायेगी। इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने सरकार के इस्तीफे की मांग भी की। विभिन्न मांगों को लेकर कांग्रेसियों ने धरना स्थल पर डीएम को ज्ञापन भी सौंपा। कांग्रेस के कलेक्ट्रेट कूच के कार्यक्रम को देखते हुए पुलिस अलर्ट रही। जनपद के कई थानों की पुलिस को यहां तैनात किया गया था। विरोध प्रदर्शन में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रीतम सिंह, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गोविंद सिंह कुंजवाल, पूर्व मंत्री हरीश दुर्गापाल, विधायक सुमित हृदयेश, विधायक तिलकराज बेहड़, विधायक भुवन कापड़ी, विधायक आदेश चौहान, विधायक गोपाल राणा, विधायक सुमित हृदयेश, प्रदीप टम्टा, पूर्व विधायक संजीव आर्य, पूर्व विधायक रंजीत सिंह रावत, पूर्व विधायक प्रेमानंद महाजन, सतीश नैनवाल, भोला भट्ट, गणेश उपाध्याय, राहुल छिम्वाल, महेन्द्र पाल, प्रकाश जाशी, ज्योति रौतेला, सुमित्तर भुल्लर,मीना शर्मा, कांग्रेस जिलाध्यक्ष हिमांशु गावा, सीपी शर्मा, संदीप चीमा, अनिल शर्मा, सोहेल सिददीकी, नीमा भट्ट, रतना श्रीवास्तव, मंजू पाण्डे, शोभा बिष्ट, नीलू नेगी, शशि वर्मा, माला वर्मा, भगीरथी बिष्ट, अवध पाल, पूजा सिंह, रंजना गुप्ता, नजमा शेख, अजीता शर्मा, सपना गिल, बीना जोशी, जया कनार्टक, विमला सांगुड़ी, शशि मेहरा, यशोदा जोशी, शकुंतला पाल, बाला सरस्वती, भावना भट्ट, हरीश पनेरू,दर्शन कोली,शैलेन्द्र शर्मा, रंजीत तिवारी,गुरजीत सिंह, योगेश चौहान, मोनिका ढाली, मनोज जाशी, सुनीता कश्यप, शारदा बमेठा, बीना जोशी, रत्ना श्रीवास्तव, ललित फर्स्वाण,नारायण सिंह बिष्ट, ममता रानी, सरवर यार खा, सौरभ चिलाना, ममता हालदार आदि सहित हजारों कांग्रेसी थे।

**पंतनगर के दो घरों ...** के दाने , एक लोकेट , दो कान के टॉपस , एक जोडी चांदी की पायल, 10 जोडी चांदी के धागुले, सात चांदी की मूर्तियां के अलावा नौ हजार की नगदी बरामद की। बरामद माल की कीमत पांच लाख बीस हजार आकी गयी है। पुलिस के मुताबिक पकड़ा गया अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है जो घटना के दौरान मोबाइल का प्रयोग नहीं करता है। पूर्व मे भी वह जेल जा चुका है। आरोपी ने पन्तनगर पुलिस से बचने के लिए किसी पुराने मामले मे रामपुर न्यायालय न्यायालय में आत्मसर्मपण किया था। मामला शान्त होते देख वह बीती 5 सितम्बर को अपनी जमानत कराने के बाद जवाहर नगर मे की गयी चोरी के छुपाये सामान को ले जाकर बेचने की फिराक में था। खुलासा करने वाली टीम में उप निरीक्षक हेमचंद्र सिंह, उप निरीक्षक दिनेश रावत कांस्टेबल मनीष जोशी आदि शामिल रहे।

**वन विभग की टीम....**टीम पर फायरिंग की थी। पुलिस के मुताबिक पकड़ा गया गुरमीत सिंह उर्फ गेजी एक पेशेवर किस्म का लकड़ी तस्कर एवं वाहन चोर है। उसके द्वारा पूर्व मे भी फायरिंग की घटनाए की गयी हैं। गुरमीत सिह उर्फ गेजी के विरूद्ध थाना बाजपुर मे गैंगस्टर एक्ट के अन्तर्गत भी अभियोग दर्ज है। आरोपी का लम्बा आपराधिक इतिहास रहा है। पुलिस टीम में गदरपुर थानाध्यक्ष जसवीर सिंह चौहान , उपनिरीक्षक मुकेश मिश्रा, कांस्टेबल बलवन्त सिंह, दर्शन सिंह,एसओजी के उपनिरीक्षक प्रकाश चन्द्र, हैड कांस्टेबल विनय कुमार, कांस्टेबल प्रवीण गोस्वामी, कुलदीप सिंह और कैलाश तोमक्याल आदि शामिल थे।

**महंगाई भत्त नहीं...** शोषण हो रहा है। उन्होंने मांगे पूरी न होने तक फैक्ट्री गेट के बाहर अनिश्चितकालीन धरना दिए जाने की चेतावनी दी। विरोध जताने वालों में नंदन सिंह मुकेश कुमार, नरेश कुमार, राहुल वर्मा, कुलदीप कुमार आदि फैक्ट्री श्रमिक मौजूद रहे।


**संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा**

स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित

**सम्पादक- परमपाल सुखीजा**

आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।



**E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in**
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# 'अंडरवर्ल्ड डॉन' को 'मठाधीश' बनाने पर घमासान

**संतों की नाराजगी के बाद सरकार ने एडीजी-कारागार प्रशासन को सौंपा जांच का जिम्मा, एक सप्ताह में जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश,अल्मोड़ा जेल में बंद अंडरवर्ल्ड डॉन प्रकाश पांडे उर्फ पीपी को धार्मिक अनुष्ठान द्वारा कंठी माला और रुद्राक्ष माला सौंपने का दावा, जेल में बाहरी व्यक्तियों द्वारा धार्मिक अनुष्ठान एवं दीक्षा दिए जाने की घटना से जेल प्रशासन का साफ इनकार**





देहरादून(उद ब्यूरो)। गुजरे पांच सितंबर अर्थात शिक्षक दिवस को कुछ साधु- संतों द्वारा अल्मोड़ा जेल में बंद अंडरवर्ल्ड डॉन प्रकाश पांडे उर्फ पीपी को जेल में दीक्षा देकर मठाधीश बनाने की घटना के सुर्खियों में आते ही, उत्तराखंड सरकार ने मामले का संज्ञान लिया है और इस बहुचर्चित प्रकरण की जांच के आदेश जारी कर दिए हैं। विशेष सचिव रिद्धिम अग्रवाल ने रविवार को जांच अधिकारी की नियुक्ति करते हुए एडीजी-कारागार प्रशासन यशवंत चौहान को इस प्रकरण की जांच की जिम्मेदारी दी। चौहान को एक हफ्ते के भीतर जांच कर रिपोर्ट देने के लिए कहा गया है। मालूम हो कि पांच सितंबर शिक्षक दिवस के दिन कुछ संतों ने जेल जाकर माफिया डॉन प्रकाश पांडे उर्फ पीपी को दीक्षा दी थी। पीपी को प्रकाशानंद गिरी नाम देते हुए अंसेश्वर मठ, मुनस्यारी के कामंद मठ की जिम्मेदारी दी गई है। अंडरवर्ल्ड डॉन को जेल के भीतर दीक्षा दिए जाने के कारण यह मामला राजनीतिक जगत के साथ-साथ ही धार्मिक जगत में भी गरमाया हुआ है। मामला गरमाते ही डॉन को जेल में दीक्षा दिलवाने वाले जूना अखाड़े ने भी सात सदस्यीय जांच कमेटी का गठन कर दिया है, लेकिन संत समाज में भी इस घटना को लेकर खासी नाराजगी है ।दिगम्बर अखाड़े के संत हठयोगी ने कहा कि इस प्रकार के लोगों को मठाधीश बनाना साधु संतों का अपमान है । उन्होंने जूना अखाड़े की कार्यशैली पर भी सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि साफ छवि के संतों को इस बारे में आगे आना होगा ताकि भविष्य में इस प्रकार के कार्य को दोहराया न जा सके। बाबा हठयोगी के अनुसार जूना अखाड़े ने कई वर्ष पूर्व राध ` मां को भी महामंडलेश्वर नियुक्त किया था तथा विवाद के बाद राधे मां को महामंडलेश्वर पद से हटाने के साथ-साथ जांच समिति का गठन भी किया था। बाबा हठयोगी ने कहा लेकिन उस वक्त भी जांच के नाम पर खानापूर्ति की गई उनके अनुसार इस प्रकार की घटनाओं को रोकने के लिए संतों को पहल करनी होगी। शुक्रवार को अखाड़े के अंतर्राष्ट्रीय संरक्षक महंत हरि गिरि ने जांच समिति गठित करने की बात प्रेस से की थी। अगले दिन शनिवार को यूपी के नगीना में हुई जूना अखाड़े के संतों की एक बैठक में सात सदस्यीय कमेटी का गठन भी कर दिया गया। इस मामले में अखाड़ा परिषद और मां मनसा देवी ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत रवींद्र पुरी ने कहा कि जूना अखाड़ा मामले की जांच करवा रहा है। यह अखाड़े का अंदरूनी मामला है। इस मामले पर टिप्पणी करना गलत है। अखाड़े के पंच ही इस पर निर्णय लेंगे। उधर महंत ऋषिश्वशेरानंद का कहना था कि यदि कोई अपराधी सदमार्ग पर चलना चाह रहा है, तो अच्छा है।दूसरी ओर इस मामले को लेकर अल्मोड़ा जेल प्रशासन की कार्यशैली पर भी कई सवाल गंभीर सवाल उठाए जा रहे हैं क्योंकि गुरुवार को पीपी से मिलने और उसे दीक्षा देने के लिए 11 लोगों का दल पहुंचा था। हालांकि जेल प्रशासन ने तीन ही लोगों को अंदर जाने की इजाजत दी थी, लेकिन सवाल यह है कि इतनी बड़ी संख्या में अगर पीपी से मिलने लोग आए थे ,तो जेल प्रशासन ने उनसे सख्ती से पूछताछ क्यों नहीं की? अगर तीन लोगों को ही इजाजत दी गई, तो कथित थानापति के दावे के मुताबिक डॉन को दीक्षा कैसे दे दी गई ? दिलचस्प तथ्य तो यह है कि जेल प्रशासन का कहना है कि जेल के भीतर किसी प्रकार का अनुष्ठान नहीं हुआ है। वहीं, कथित अखाड़े के थानापति का कहना है कि पीपी को कंठी माला और रुद्राक्ष माला सौंपी गई। ऐसे में सवाल यह भी उठता है कि पूरी जांच के बाद जेल के अंदर जाने की अनुमति का दावा करने वाले जेल प्रशासन को गुमराह कर ये माला कैसे अंदर पहुंच गई ? उल्लेखनीय है कि पीपी के साथ सन्यासियों की मुलाकात का यह पहला मामला नहीं है, बल्कि इसकी शुरुआत मार्च में ही हो चुकी थी,जब नेपाल के नाथ संप्रदाय के आचार्य दंडीनाथ ने पहली बार पीपी को सन्यास की दीक्षा दी थी। उस समय भी अनुष्ठान की बात सामने आई थी, लेकिन जेल प्रशासन ने सामान्य मुलाकात की बात कर मामले से पल्ला झाड़ लिया था।अब देखना यह होगा कि उपरोक्त मामले में सरकार की जांच में क्या कुछ निकाल कर सामने आता है ।

# अल्मोड़ा जेल जाएगी जूना अखाड़ा के संतों की टीम ,फिर होगा फैसला

हरिद्वार। अल्मोड़ा जेल में बंद कुख्यात गैंगस्टर अंडरवर्ल्ड डॉन प्रकाश पांडे उर्फ पीपी पांडे को श्रीपंचदशनाम जूना अखाड़ा का संत बनाने की जांच के लिए संतों की टीम अल्मोड़ा जाएगी। यह निर्णय उत्तर प्रदेश के नगीना में हुई जांच समिति के सदस्यों की बैठक में लिया गया। रिपोर्ट मिलने के बाद अखाड़ा मामले में फैसला लेगा। अल्मोड़ा के रानीखेत स्थित खनौइया गांव निवासी प्रकाश पांडे उर्फ पीपी कभी छोटा राजन का दाहिना हाथ हुआ करता था। इन दिनों वह अल्मोड़ा जेल में उम्रकैद की सजा काट रहा है। पिछले साल अगस्त में पौड़ी जेल से पीपी को हरिद्वार जिला जेल शिफ्ट किया गया था। इसके बाद कुछ माह पूर्व उसे अल्मोड़ा जेल स्थानांतरित कर दिया गया था। हाल ही में पीपी को अल्मोड़ा जेल में जूना अखाड़े के संतों की ओर से संन्यास दीक्षा देने का मामला सामने आया था। उसे कुछ मठों का उत्तराधिकारी भी बनाने की बात सामने आई थी। लेकिन अखाड़े के अंतरराष्ट्रीय संरक्षक श्रीमहंत हरिगिरी महाराज ने पीपी को संत बनाने की दीक्षा देने के मामले की जांच के लिए सात सदस्यीय कमेटी का गठन कर दिया था। जांच समिति की शनिवार शाम को यूपी के बिजनौर जिले के नगीना में हुई बैठक में पीपी पांडे को संत बनाने पर चर्चा की गई। श्रीमहंत हरिगिरी महाराज ने बताया, समिति की ओर से नगीना में बैठक के बाद निर्णय लिया गया कि एक टीम पहले अल्मोड़ा जाकर पूरे प्रकरण की बारीकी से जांच करेगी। देखा जाएगा कि क्यों और किस आधार पर किसने पीपी को संत बनने की दीक्षा दी है। पीपी के इतिहास को भी कमेटी खंगालेगी। बताया, मामले की ठीक से जांच पड़ताल करने के बाद ही जो रिपोर्ट समिति देगी, उसी पर आगे निर्णय लिया जाएगा। पीपी पांडे मामले की जांच के लिए बनाई गई समिति में जूना अखाड़ा के राष्ट्रीय महामंत्री श्रीमहंत केदारपुरी, जूना अखाड़ा के राष्ट्रीय प्रवक्ता दूधेश्वर पीठाधीश्वर श्रीमहंत नारायण गिरी, जूना अखाड़ा के राष्ट्रीय सचिव श्रीमहंत शैलेंद्र गिरी, अल्मोड़ा जूना अखाड़े के श्रीमहंत शंकर गिरी, श्रीमहंत पुष्कर राजगिरी और श्रीमहंत निरंजन गिरी महाराज को शामिल किया गया है। श्रीमहंत हरिगिरि महाराज के मुताबिक, समिति किसी भी प्रकार की संलिप्तता, लेनदेन, संत बनाने के पीछे के मूल उद्देश्य व भावना की भी गहन जांच करेगी। समिति तीन महीने में अपनी रिपोर्ट देगी। हाल ही में पीपी ऊर्फ प्रकाश पांडेय को अल्मोड़ा जेल में गुरु दीक्षा देते हुए श्रीपंचदशनाम जूना अखाड़ा का महंत बनाने की बात सामने आई है। साथ ही उसे कई मंदिरों का मुख्य महंत भी बनाने का दावा किया गया है।




गुरू मां
उत्तराखंड की सबसे बड़ी इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेल चेन

गर्मियों में ठंड जैसी राहत
गुरू मां
36 महीने तक की EMI उपलब्ध

Budget Ac
Premium Split Ac
Mid-Range Split Ac
Heavy-Duty Split Ac

SONY Whirlpool SAMSUNG IFB Haier BOSCH VOLTAS
DAIKIN HITACHI MITSUBISHI ELECTRIC GENERAL LLOYD BLUE STAR

Refrigerator की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Deep Freezer की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
RO Purifier की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Water Dispencer की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Air Cooler की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध

Easy EMI Options Available

RUDRAPUR- Civil Line +91-9927882338, Kashipur Bypass +91-9690282777 , Kashipur Bypass +91-9756233166 , Sony Center +91-9917170230 KASHIPUR- Ramnagar Road +91 8791989500, Cheema Chauraha +91 9927813555 HALDWANI- Tikonia +91-9997207007, Pilikothi +91-8923468434, Pilikothi +91-9690256666, HARIDWAR- Haridwar +91-9761699704 MORADABAD- Moradabad +91-7500839146, GADARPUR- Near Super Market +91-9927850999, KICHHA- Kichha +91-7017595920, LOHAGHAT- Daak Bangla Road +91-9568035735 DEHRADUN- Kaluagarh Road +91-8394949454 PANIPAT- West Market Opp. Central Bank +91-8607964000 KARNAL-Mangal Singh Market +91-8684077000 , 49 Ram Nagar +91-8908350000